# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

20 फरवरी 2026

शुक्रवार

आपकी आवाज






जनता दरबार में गरजे एसपी शुभम आर्य : जमीन विवाद और मारपीट मामलों पर कड़ा रुख 2



प्रमुख खबरें : दिल्ली ■ पटना ■ बक्सर ■ शाहाबाद ■ मगध ■ सारण ■ मिथिलांचल ■ चंपारण ■ पूर्वांचल ■ लखनऊ


## एक नजर

### शादी की रस्म के दौरान खूनी संघर्ष, तीन लोगों की हत्या

**धुले।** महाराष्ट्र के धुले जिले में एक शादी समारोह की खुशियां मातम में बदल गईं। यहां परिवार में हल्दी की रस्म के दौरान बाराती और घराती के बीच किसी बात को लेकर हिंसक हो गई। इस बहस के दौरान बारातियों की तरफ से कुछ युवकों ने दुल्हन के परिवार के लोगों पर जानलेवा हमला किया। इस मारपीट में दुल्हन पक्ष के तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हो गए। क पुलिस अधिकारी ने घटना की जानकारी देते हुए बताया, यह घटना बुधवार को गुजरात-महाराष्ट्र बॉर्डर के पास साकरी तहसील के पिंपलनेर गांव में हुई। शादी से पहले हल्दी के कार्यक्रम के दौरान बाराती और घराती के बीच किसी छोटी सी बात पर बहस शुरू हुई थी। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि तीन लोगों की हत्या कर दी गई। मृतकों की पहचान सुरेश गोसावी (50), साहिल गोसावी (35) और देवेंद्र (36) पवार के रूप में हुई है।

### होली के लिए रेलवे चला रहा है 30 स्पेशल ट्रेनें

**नई दिल्ली।** होली के त्योहार पर यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे ने 30 अतिरिक्त स्पेशल ट्रेन सेवाएं शुरू करने का फैसला किया है। इनमें से 8 ट्रेनें लोकमान्य तिलक टर्मिनस मुंबई से सुल्तानपुर और वाराणसी के बीच चलाई जा रही हैं, जबकि 22 ट्रेनें रक्सौल, सहरसा और धनबाद के लिए पहले से चल रही सेवाओं का विस्तार हैं। यह व्यवस्था यात्रियों को बेहतर सुविधा देने और भीड़ कम करने के लिए की गई है। लोकमान्य तिलक टर्मिनस मुंबई से सुल्तानपुर के बीच चार स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं। ट्रेन नंबर 04211 होली स्पेशल 27.02.2026 और 03.03.2026 को मुंबई से दोपहर 14:35 बजे रवाना होगी और अगले दिन रात 23:00 बजे सुल्तानपुर पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन नंबर 04212 26.02.2026 और 02.03.2026 को सुल्तानपुर से सुबह 04:00 बजे निकलेगी और अगले दिन दोपहर 12:20 बजे मुंबई पहुंचेगी। इसी तरह वाराणसी के लिए चार स्पेशल ट्रेनें हैं।

# देशभर के फर्जी विश्वविद्यालयों पर एक्शन, 12 राज्यों तक फैला फ्रॉड नेटवर्क

- फर्जी विश्वविद्यालयों की संख्या 20 से बढ़कर 32 हुई
- यूजीसी ने छात्रों को ऐसे संस्थानों से सतर्क किया
- दिल्ली में सर्वाधिक 12 फर्जी विश्वविद्यालय सक्रिय हैं

**एजेंसी। नई दिल्ली**

देश में शिक्षा माफिया के हौसले किस तरह से बुलंद है, इसका अंदाजा फैलते फर्जी विश्वविद्यालयों से लगाया जा सकता है। जिनकी मौजूदगी दो साल पहले तक सिर्फ आठ राज्यों तक सीमित थी लेकिन अब यह 12 राज्यों तक पहुंच गई है। वहीं फर्जी विश्वविद्यालयों की संख्या भी पिछले दो सालों में 20 से बढ़कर 32 तक पहुंच गई है। जिन नए राज्यों में फर्जी विश्वविद्यालयों ने दस्तक दी है, उनमें हरियाणा, राजस्थान, झारखंड और अरुणाचल प्रदेश शामिल है। फर्जी विश्वविद्यालयों के इस फैलते जाल के बीच विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने छात्रों और अभिभावकों को ऐसे संस्थानों को लेकर सतर्क किया है। साथ ही कहा है कि वह इन फर्जी विश्वविद्यालयों में भूलकर भी प्रवेश न लें। यूजीसी ने यह निर्देश बेंगलुरु ( कर्नाटक ) में ग्लोबल




ह्यूमन पीस यूनिवर्सिटी नाम से संचालित हो रहे फर्जी संस्थान को लेकर जारी किए गए अलर्ट के साथ दिए है। देश में फर्जी विश्वविद्यालयों का जाल 8 से बढ़कर 12 राज्यों तक फैल गया है, जिनकी संख्या 20 से 32 हो गई है। यूजीसी ने छात्रों और अभिभावकों को ऐसे संस्थानों से सतर्क रहने की चेतावनी दी है, खासकर हरियाणा, राजस्थान, झारखंड और अरुणाचल प्रदेश में नए फर्जी विश्वविद्यालयों के उभरने पर।

### कैसे पता करें फर्जी विश्वविद्यालयों की सूची

साथ ही छात्रों और अभिभावकों से कहा है कि वह प्रवेश लेने से पहले यूजीसी की वेबसाइट पर फर्जी विश्वविद्यालयों की सूची जरूर देंखे। गौरतलब है कि पिछले कुछ सालों से फर्जी विश्वविद्यालयों को लेकर यूजीसी सिर्फ उनकी सूची जारी करने भर की औपचारिकता निभाता है। उनके बाद वह नहीं देखता है कि कहां क्या हो रहा है। वहीं गांव-गांव तक अपना जाल फैला चुके फर्जी विश्वविद्यालय हर साल हजारों छात्रों को अपना शिकार बना रहे है ।सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि 32 फर्जी विश्वविद्यालयों में 12अकेले दिल्ली में मौजूद है कुछ तो यूजीसी से कुछ मीटर की दूरी पर संचालित हो रहे है। मौजूदा समय में जिन 12 राज्यों में फर्जी विश्वविद्यालय मौजूद है, उनमें दिल्ली में 12, उत्तर प्रदेश में चार, केरल, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, पुडुचेरी, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक में दो-दो, जबकि हरियाणा, राजस्थान, झारखंड व अरुणाचल प्रदेश में एक-एक फर्जी विश्वविद्यालय है।

### विदेशी विश्वविद्यालयों की भी ओढ़ रहे है चोला

देश में विदेशी विश्वविद्यालयों के दस्तक देने के साथ ही फर्जी विश्वविद्यालयों ने भी अब विदेशी विश्वविद्यालायों का चोला ओढ़कर अपना जाल फैलाने में जुटे है। पिछले दिनों श्रीलंका की कोलंबिया यूनिवर्सिटी ने यूजीसी को पत्र लिखकर उनके नाम व लोगो से महाराष्ट्र में संचालित हो रहे ऐसे ही एक फर्जी विश्वविद्यालय का शिकायत की थी। जिसके बाद यूजीसी ने छात्रों व अभिभावकों से इस फर्जी विश्वविद्यालयों को लेकर सतर्क किया था।

### आटीफींशियल इंटेलीजेंस इंपैक्ट समिट में बताया इसका मतलब

# पीएम मोदी ने पेश किया मानव विजन



- मानव विजन पेश पांच मूल सिद्धांतों का प्रतिनिधित्व करने वाला एक संक्षिप्त रूप है
- प्रौद्योगिकी और सार्वजनिक संवाद दिव्यांग व्यक्तियों के लिए सुलभ हों

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पीएम मोदी ने एआई इंपैक्ट लीडरशिप समिट 2026 में 'मानव' विजन पेश किया है। पीएम मोदी ने आटीफींशियल इंटेलीजेंस पर नया मंत्र देते हुए कहा कि दुनिया में दो तरह के लोग हैं, एक तरह के लोगों को एआई में भय दिखता है, जबकि दूसरे तरह के लोगों को इसमें भाग्य दिखता है। भारत के लोगों को इसमें भाग्य दिखता है। भारतीय कंपनियों ने इस समिट में कई एआई मॉडल लांच किए हैं। पीएम मोदी ने 'मानव' विजन पेश करते हुए कहा कि यह पांच मूल सिद्धांतों का प्रतिनिधित्व करने वाला एक संक्षिप्त रूप है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में दिए गए अपने भाषण में एआई का इस्तेमाल करके सांकेतिक भाषा में इसके तत्काल अनुवाद के प्रयोग पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह अनुवाद एआई के संदर्भ में 'सुलभता और समावेशन के प्रति प्रतिबद्धता' को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि हम हमेशा यह सुनिश्चित करने के लिए काम करेंगे कि दिव्यांग व्यक्तियों के लिए प्रौद्योगिकी और सार्वजनिक संवाद सुलभ हों।

### हम एआई को जिस दिशा में ले जाएंगे वैसा ही होगा भविष्य

एआई इम्पैक्ट समिट में पीएम मोदी ने कहा कि जैसे जीपीएस होता है, जीपीएस हमें रास्ता सुझाता है लेकिन हमें किस डायरेक्शन में जाना है इसकी फाइनल कॉल हमारी होती है, आज हम एआई को जिस दिशा में लेकर जाएंगे वैसा ही हमारा भविष्य तय होगा। आज एआई इंपैक्ट समिट में मैं एआई के लिए मानव विजन प्रस्तुत करता हूं। मानव विजन-का मतलब मोरल एंड इथिकल सिस्टम्स, अकाउंटेबल गवर्नेंस और नेशनल सॉवरेंटी है। मोरल एंड एथिकल सिस्टम, यानी एआई एथिकल गाइडेंस पर आधारित, अकाउंटेबल गर्वनेंस यानी ट्रांसपरेंट रूल्स, नेशनल सोवरनिटी जिसका डेटा उसका अधिकार, ए एक्सेसिबल एंड इन्क्लूसिव यानी एआई मोनोपोली नहीं मल्टीप्यार बनेगी, वैलिड ऐंड लेजिटिम लॉफुल हो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को भारत मंडपम में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि भारत दुनिया में सबसे अधिक युवा आबादी वाला देश है। भारत नई टेक्नोलॉजी भी बनाता है। और इसे बहुत तेजी से अपनाता भी है। भारत में इस समिट का होना भारत के साथ-साथ पूरे ग्लोबल साउथ के लिए गर्व की बात है। दुनिया के 100 से अधिक देशों का रिप्रेजेंटेशन और दुनिया के कोने-कोने से यहां आने वाले बड़े लोग इसकी सफलता को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा, 'नई तकनीकों के प्रति उत्साही चार अरब भारतीयों, आप सभी राष्ट्राध्यक्षों, वैश्विक एआई पारिस्थितिकी तंत्र के नेताओं और इनोवेटर्स का मैं इस शिखर सम्मेलन में स्वागत करता हूं। मैं आप सभी का आभार व्यक्त करता हूं। भारत में इस शिखर सम्मेलन का आयोजन भारत के साथ-साथ पूरे वैश्विक दक्षिण के लिए गर्व का विषय है। एआई जगत के दिग्गज इस समिति में उपस्थित हैं। विश्व के 100 से अधिक देशों के प्रतिनिधि और दुनिया के कोने-कोने से आए गणमान्य व्यक्ति इसकी सफलता को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहे हैं।

# समुद्री डकैती-आतंकवाद, साइबर समस्या बड़ी चुनौतियां : राजनाथ

**एजेंसी। विशाखापत्तनम**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज भारतीय नौसेना की तरफ से आयोजित प्रमुख द्विवार्षिक बहुपक्षीय समुद्री अभ्यास मिलन 2026 के 13वें संस्करण के उद्घाटन के लिए विशाखापत्तनम पहुंचे। जहां उन्होंने उद्घाटन समारोह को संबोधित किया। इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आज समुद्री डकैती, समुद्री आतंकवाद, अवैध मछली पकड़ना, तस्करी, साइबर कमजोरियां और जरूरी आपूर्ति श्रृंखलाओं में बाधाएं वैश्विक समुद्री सुरक्षा के लिए गंभीर



चुनौती बन चुकी हैं। इसके साथ ही जलवायु परिवर्तन के कारण प्राकृतिक आपदाएं बढ़ रही हैं, जिससे मानवीय सहायता और आपदा राहत अभियानों की आवश्यकता अधिक बार और व्यापक रूप से पड़ रही है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने स्पष्ट कहा कि कोई भी एक नौसेना, चाहे वह कितनी भी सक्षम क्यों न हो, इन सभी चुनौतियों का अकेले सामना नहीं कर सकती। इसलिए नौसेनाओं के बीच सहयोग अब विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्यता है। इस वर्ष 74 देशों की भागीदारी के साथ 'मिलन-2026' अब तक का सबसे बड़ा और सबसे समावेशी आयोजन बन गया है। यह इस बात का प्रमाण है कि वैश्विक समुद्री समुदाय भारत को एक भरोसेमंद और जिम्मेदार समुद्री भागीदार के रूप में देखता है।

# प्रियंका गांधी ने जारी की भाजपा सरकार के खिलाफ जनता की चार्जशीट

**एजेंसी। गुवाहाटी**

आगामी असम विधानसभा चुनाव को लेकर प्रदेश कांग्रेस ने भाजपा सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के असम दौरे के दौरान जनता की चार्जशीट जारी की। इस चार्जशीट के जरिए कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला किया है। इसमें राज्य सरकार पर बेरोजगारी, बढ़ती महंगाई, किसानों की अनदेखी, शिक्षा व्यवस्था में गिरावट और सामाजिक भाईचारा बिगाड़ने जैसे कुल 20 आरोप लगाए गए हैं ।प्रदेश कांग्रेस नेताओं ने दावा किया कि यह चार्जशीट जनता से मिली राय और जमीनी सर्वे के आधार पर तैयार की गई है। पार्टी ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने युवाओं को रोजगार देने के वादे पूरे नहीं किए। साथ ही, सरकार महंगाई पर लगाम लगाने और किसानों को फसलों का सही दाम दिलाने में भी नाकाम रही है ।अपने दो दिवसीय दौरे पर पहुंचीं प्रियंका गांधी ने गुवाहाटी के प्रसिद्ध कामाख्या मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस असम में शांति, एकता और विकास की राजनीति को आगे बढ़ाएगी। इसके बाद उन्होंने पार्टी दफ्तर राजीव भवन में स्क्रीनिंग कमेटी की अध्यक्षता की। इस बैठक में उम्मीदवार चयन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने, स्थानीय नेताओं की राय को प्राथमिकता देने और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर चर्चा हुई ।कार्यकताओं को संबोधित करते हुए प्रियंका गांधी ने कहा कि कांग्रेस जनता की आवाज को चुनाव का मुख्य मुद्दा बनाएगी। उन्होंने महिला और युवा कार्यकताओं से अपील की कि वे सरकार की नाकामियों को घर-घर तक पहुंचाएं। दूसरी ओर, भाजपा ने प्रियंका गांधी के साथ कांग्रेस नेता इमरान मसूद की मौजूदगी पर सवाल उठाए हैं। भाजपा नेताओं ने कांग्रेस पर समाज को बांटने वाली राजनीति करने का आरोप लगाया।







# सड़क किनारे बालू-गिट्टी रखने पर प्रशासन का शिकंजा



**केटी न्यूज/बक्सर**

मुख्य मार्गों और सार्वजनिक सड़कों पर निर्माण सामग्री रखकर यातायात बाधित करने वालों के खिलाफ जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपना लिया है। पूर्व में जारी निदेशों के बावजूद सड़क किनारे बालू और गिट्टी का भंडारण जारी रहने पर बुधवार को खनन विभाग ने आईटीआई फील्ड रोड क्षेत्र में व्यापक जांच अभियान चलाते हुए बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान सड़क किनारे रखे गए करीब 720 सीएफटी बालू और 540 सीएफटी गिट्टी (स्टोन चिप्स) को विधिसम्मत प्रक्रिया के तहत जब्त कर लिया गया। कार्रवाई में नगर परिषद बक्सर का भी आवश्यक सहयोग प्राप्त हुआ। प्रशासन ने पहले ही समाचार पत्रों और नोटिस के माध्यम से स्पष्ट

- **आईटीआई फील्ड रोड से 720 सीएफटी बालू व 540 सीएफटी गिट्टी जब्त, बिना लाइसेंस कारोबारियों को कड़ी चेतावनी**

निर्देश जारी किए थे कि सड़क किनारे रखी निर्माण सामग्री को तत्काल हटाया जाए, ताकि यातायात सुचारु रहे और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। इसके बावजूद कई स्थानों पर निर्देशों की अनदेखी की जा रही थी। इसी के मद्देनजर अनुपालन की समीक्षा के क्रम में खनन विभाग की टीम ने आईटीआई फील्ड रोड पर औचक निरीक्षण किया। जांच के दौरान पाया गया कि कुछ निजी व्यक्तियों के अलावा विभिन्न निर्माण कार्यों से जुड़े संवेदकों द्वारा भी सड़क किनारे सामग्री रखी गई थी। इनमें पथ निर्माण विभाग तथा अन्य कार्य विभागों से संबंधित परियोजनाओं में लगे संवेदकों की सामग्री भी शामिल थी। टीम ने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्य चाहे किसी भी विभाग का हो, सार्वजनिक सड़क पर सामग्री रखने की अनुमति नहीं दी जाएगी। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद संबंधित पक्षों को दो टूक निर्देश दिया कि निर्माण सामग्री केवल निर्धारित एवं सुरक्षित स्थलों पर ही रखी जाए। सड़क पर बालू-गिट्टी का अंबार न सिर्फ यातायात को बाधित करता है, बल्कि दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ाता है। खासकर रात के समय दृश्यता कम होने के कारण ऐसे अवैध भंडारण से गंभीर हादसे हो सकते हैं। प्रशासन ने इसे जनहित और सड़क सुरक्षा से जुड़ा गंभीर मामला बताया है। कार्रवाई के दौरान जब्त की गई सामग्री को नियमानुसार सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि भविष्य में भी इस तरह की अनियमितता पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी और किसी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाएगी।

प्रशासन ने बालू एवं गिट्टी के विक्रय से जुड़े दुकानदारों और व्यवसायियों को भी चेताया है कि वे नियमानुसार अनिवार्य ह्यकेह्ल लाइसेंस प्राप्त करें। बिना वैध लाइसेंस के भंडारण अथवा विक्रय की स्थिति में सामग्री की जब्ती के साथ-साथ विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों का कहना है कि लाइसेंस प्रणाली पारदर्शिता सुनिश्चित करने और अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए अनिवार्य है। जिला प्रशासन ने दोहराया कि उसका मुख्य उद्देश्य किसी को परेशान करना नहीं, बल्कि सार्वजनिक हित, सड़क सुरक्षा और सुचारु यातायात व्यवस्था बनाए रखना है। लगातार मिल रही शिकायतों के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। आमजन की सुविधा और सुरक्षा सर्वोपरि है, इसलिए नियमों का उल्लंघन करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। प्रशासन ने सभी संवेदकों, व्यवसायियों और संबंधित विभागों से अपेक्षा की है कि वे दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए प्रशासन के साथ समन्वय बनाए रखें। स्पष्ट कर दिया गया है कि आगे भी इस प्रकार की जांच और कार्रवाई पारदर्शिता एवं विधिसम्मत प्रक्रिया के तहत जारी रहेगी। जिले में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों के बीच प्रशासन की इस सख्ती को अवैध भंडारण और अतिक्रमण के खिलाफ बड़ा संदेश माना जा रहा है। सड़क पर सामग्री रखने की मनमानी अब भारी पड़ सकती है।

# जनता दरबार में गरजे एसपी शुभम आर्य : जमीन विवाद और मारपीट मामलों पर कड़ा रुख

- **मुरार थाना परिसर में फरियादियों की सुनी गई शिकायतें, अधिकारियों को त्वरित निष्पादन का निर्देश, नशा मुक्त समाज के लिए जन आंदोलन का आह्वान**

**केटी न्यूज/चौगाई**

मुरार थाना परिसर गुरूवार को उस समय चर्चा का केंद्र बन गया, जब पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य ने यहां जनता दरबार लगाकर सीधे लोगों की शिकायतें सुनीं। आमतौर पर थाने और जनता के बीच बनी दूरी को खत्म करने की पहल के रूप में आयोजित इस दरबार में एसपी का तेवर सख्त और स्पष्ट नजर आया। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि जमीन विवाद, पारिवारिक कलह और मारपीट जैसे मामलों को लटकाया नहीं जाएगा, बल्कि तय समय सीमा में निष्पादन




सुनिश्चित किया जाएगा।

जनता दरबार में थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों से पहुंचे करीब आधा दर्जन फरियादियों ने अपनी समस्याएं सीधे एसपी के समक्ष रखीं। सबसे अधिक शिकायतें जमीन विवाद और आपसी मारपीट से जुड़ी थीं। कुछ मामलों में पारिवारिक कलह की शिकायत भी सामने आई, जिस पर एसपी ने संबंधित अधिकारियों को गंभीरता से कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि छोटे विवादों को समय रहते नहीं सुलझाया गया तो वही आगे चलकर बड़ी कानून-व्यवस्था की समस्या बन सकते हैं।

एसपी ने मौके पर मौजूद पुलिस पदाधिकारियों को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि जनता दरबार में आए मामलों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। हर शिकायत की प्रगति रिपोर्ट तैयार कर उसे वरीय अधिकारियों को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि थाने में आने वाले हर व्यक्ति के साथ सम्मानजनक व्यवहार किया जाए और उसकी शिकायत को प्राथमिकता के आधार पर दर्ज किया जाए। दरबार के दौरान एसपी ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों से क्षेत्र की अन्य समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि पुलिस और समाज की साझेदारी से ही अपराध पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। यदि किसी क्षेत्र में असामाजिक तत्व सक्रिय हों या नशे का कारोबार चल रहा हो तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। नशा मुक्त समाज के मुद्दे पर भी एसपी ने विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि सिर्फ पुलिस कार्रवाई से नशे की समस्या खत्म नहीं होगी, बल्कि इसके लिए सामाजिक जागरूकता जरूरी है। गांव-गांव में जन आंदोलन चलाकर युवाओं को नशे से दूर रखने की अपील की गई। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे अपने स्तर पर जागरूकता अभियान चलाएं और अभिभावकों को भी इस दिशा में सचेत करें। इस दौरान मुरार थाना अध्यक्ष नेहा कुमारी समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी और जवान मौजूद रहे। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख ऋषिकांत सिंह, मुखिया वीर सिंह, श्रवण कुमार और समाजसेवी पिंटू सिंह सहित कई स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति ने इसे और महत्वपूर्ण बना दिया। जनता दरबार के जरिए पुलिस ने यह संदेश देने की कोशिश की है कि शिकायतों के समाधान के लिए अब लोगों को भटकना नहीं पड़ेगा। यदि यह पहल नियमित और पारदर्शी तरीके से जारी रही, तो निश्चित ही पुलिस-जन संबंधों में विश्वास की नई नींव मजबूत होगी।

# स्वरोजगार से जोड़ने के लिये नप ने महिलाओं से मांगा आवेदन

**केटी न्यूज/डुमरांव**

नगर परिषद ने महिलाओं का सशक्त बनाने को लेकर मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना से जोड़ने के लिये कवायद शुरू कर दिया है। महिलाएं भी रोजगार योजना से जुड़ने के प्रति काफी आकर्षित हैं। नप कार्यालय में काफी संख्या में वार्डवार आवेदन पड़े हुए हैं, जिसका वार्डवार सत्यापन किया जाएगा। मालूम हो कि नप क्षेत्र में 35 वार्ड हैं, हर वार्ड से आवेदन आया हुआ है, लिहाजा वार्डवार जोड़ा जाएगा। आवेदनों के सत्यापन के बारह सदस्यीय टीम को गठित किया गया है। इस टीम के नोडल पदाधिकारी नगर प्रबंधक स्तुति कुमारी को बनाया गया है। नप ईओ राहुलधर दूबे ने प्रबंधक को यह आदेश दिया है कि प्रतिदिन इसका रिपोर्ट मुझे देना होगा, फिर इस पर अग्रेत्तर कार्रवाई की जाएगी। इसके लिये बहाल आधा दर्जन कर्मी जिसमें श्रीकांत ओझा, दिनेश कुमार यादव, सुनीता पांडेय, जूही तिवारी, राकेश गोस्वामी एवं गोविंद कुमार को प्रतिदिन वार्डवार सत्यापन कर रिपोर्ट सौंपेंग। सभी कर्मी के साथ एक सहायक भी रहेंगे दोनों का मोबाइल नंबर भी सार्वजनिक किया गया है। इनकी निगरानी रखने के लिये दो पर्यवेक्षक कुमारी रश्मि और बंगाली यादव को नियुक्त किया गया है। महिलाओं में इस बात को लेकर काफी उत्साह है, कि उन्हें नप रोजगार से जोड़ने के लिये काम कर रही है। हर वार्ड की महिलाओं द्वारा आवेदन जमा किया गया है, जिसका उन्हें फायदा मिलेगा।

# आईटी भवन निर्माण के लिए कई कार्यालय जमींदोज वैकल्पिक व्यवस्था के अभाव में विभागों पर संकट

**केटी न्यूज/चौसा**

प्रखंड मुख्यालय में 36 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले आईटी भवन के निर्माण के लिए कई पुराने सरकारी कार्यालयों को ध्वस्त कर दिया गया है। इस कार्रवाई के बाद कई विभागों के समक्ष कार्यालय संचालन का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। लाखों और करोड़ों रुपये की लागत से बने भवन अब पूरी तरह से टूट चुके हैं। जानकारी के अनुसार, नए आईटी भवन में सभी प्रमुख कार्यालयों के साथ आवासीय सुविधा भी उपलब्ध कराई जानी है। इसके लिए पहले से संचालित कार्यालय भवनों को खाली कर तोड़ा गया। हालांकि, वैकल्पिक व्यवस्था समय पर न होने के कारण कई विभागों का कार्य प्रभावित हो रहा है। बताया गया है कि प्रखंड



कार्यालय को फिलहाल पुराने स्वास्थ्य केंद्र भवन में स्थानांतरित किया गया है। वहीं, शिक्षा विभाग, बाल विकास परियोजना तथा मनरेगा कार्यालय के लिए अब तक समुचित भवन उपलब्ध नहीं हो सका है। इससे इन विभागों के नियमित कार्यों पर असर पड़ रहा है और कर्मचारियों को अस्थायी व्यवस्था में काम करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि हाल ही में लगभग 32 लाख रुपये की लागत से निर्मित मनरेगा भवन को भी कुछ ही दिनों में ध्वस्त किया जाना है। इस भवन में मनरेगा के अलावा कई अन्य विभाग भी कार्य संचालित करते थे। भवन टूटने के बाद इस विभाग के सामने भी कार्यालय संचालन की समस्या उत्पन्न हो जाएगी। इस संबंध में मनरेगा पीओ अरुण कुमार ने बताया कि वैकल्पिक भवन उपलब्ध कराने के लिए वरीय अधिकारियों को पत्र भेजा गया है। उन्होंने कहा कि विभागीय कार्य बाधित न हो, इसके लिए प्रशासन से शीघ्र समाधान की अपेक्षा है। अब देखना यह होगा कि संबंधित विभागों को कब तक स्थायी कार्यालय उपलब्ध हो पाता है।

# शिक्षिका को धमकाने या क्षति पहुंचाने का आरोप, पति ने पुलिस को दिया आवेदन

- **कोरान सराय एनपीएस स्कूल में पदस्थापित है छतनवार निवासी शिक्षिका दीक्षा सिंह, आवेदन मिलते ही जांच में जुटी पुलिस**

**केटी न्यूज/डुमरांव**

कोरानसराय के प्राथमिक विद्यालय अनुसूचित जाति बस्ती में पदस्थापित शिक्षिका तथा कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के छतनवार गांव निवासी दीक्षा सिंह को धमकाने, संभावित अपहरण या शारीरिक रूप से क्षति पहुंचाने की नियत से रेकी करने का मामला संज्ञान में आया है।

इस मामले में शिक्षिका पति ओमप्रकाश सिंह ने अपने गांव के ही सुनील कुमार उर्फ रवि पिता सुरेश सिंह यादव व विकास कुमार पिता विनेश यादव पर कोरान सराय थाने में लिखित आवेदन दे आरोप लगाया है कि दोनों उनकी शिक्षिका पत्नी का रेकी करने, धमकाने, उत्पीड़ित करने, बदनाम करने तथा संभावित रूप से अपहरण या शारीरिक क्षति पहुंचाने की योजना बनाने का आरोप लगाया है। पुलिस को दिए आवेदन में ओमप्रकाश ने जिक्र किया है कि 16 फरवरी को सुबह करीब 9.35 बजे वे अपनी शिक्षिका पत्नी को स्कूल छोड़कर वापस गांव लौटना चाह रहे थे, इसी दौरान उनके गांव के ही उपरोक्त दोनों युवक वहां दिखाई दिए, जो विद्यालय के आस पास संदिग्ध परिस्थिति में घुम रहे थे। उन्होंने बताया कि आस पास के दुकानदारों से पूछने पर यह ज्ञात हुआ कि दोनों करीब 40-45 मिनट से वहां संदिग्ध रूप से घुम रहे थे तथा मेरी पत्नी के बारे में जानकारी इकट्ठा कर रहे थे। पुलिस को दिए आवेदन में उन्होंने यहां तक लिखा है कि दोनों स्कूल के गेट पर खड़े हो छात्राओं तथा रसोईयों से पूछ रहे थे कि यहां छतनवार से कोई शिक्षिका आती है क्या तथा उसका क्या नाम है। ओमप्रकाश ने लिखा है कि कस्तुरबा आवासीय विद्यालय के सीसीटीवी कैमरे में वे नजर आ जाएंगे। उन्होंने आरोप लगाया है कि दोनों रेकी करने, धमकाने, उत्पीड़ित करने, बदनाम करने तथा संभावित रूप से अपहरण या शारीरिक क्षति पहुंचाने की योजना बना रहे थे। हालांकि, पुलिस सूत्रों का कहना है कि दोनों में पूर्व से विवाद चल रहा है। वहीं, कृष्णाब्रह्म पुलिस का कहना है कि दोनों परिवारों के बीच पूर्व में बच्चों को लेकर विवाद हुआ था। वहीं, इस संबंध में कोरानसराय थानाध्यक्ष माधुरी कुमारी का कहना है कि आवेदन की जांच की जा रही है। जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।


Mob: 9122226720
कुमार आर्योपेडिक्स क्लिनिक
सुमित्रा महिला कॉलेज से पूरब, छेलवानी मोड़, डुमराँव
डा. बिरेन्द्र कुमार
आर्थोपेडिक सर्जन
हड्डी, नस, गठिया रोग विशेषज्ञ
डा. एस.के. अम्बष्ठ
M.B.B.S (MKCC, ODISHA)
MD (Derma & Cosmetology),
KMC Manipal (Gold Medalist)
चर्म रोग, कुष्ट रोग, गुप्त रोग, सौंदर्य विशेषज्ञ
प्रत्येक मंगलवार
डा. अरुण कुमार
जेनरल एण्ड लेप्रोस्कोपिक सर्जन
(M.B.B.S, D.NB. (New Delhi)
पेट रोग विशेषज्ञ
प्रत्येक गुरूवार


## एक नजर

### 27 फरवरी को डुमरांव में गूंजेगा हिन्दू सम्मेलन, तैयारियों ने पकड़ी रफ्तार

**बड़ी संगत मठिया में होगा आयोजन, सफल बनाने को लेकर रणनीतिक बैठक संपन्न**



डुमरांव। डुमरांव नगर में आगामी 27 फरवरी को प्रस्तावित हिन्दू सम्मेलन को लेकर तैयारियां अब जोर पकड़ चुकी हैं। नगर के शक्तिद्वार स्थित बड़ी संगत मठिया परिसर में आयोजित होने वाले इस सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने की दिशा में आयोजन समिति पूरी सक्रियता से जुट गई है। हिन्दू समाज को एक मंच पर लाने के उद्देश्य से आयोजित इस सम्मेलन की तैयारी को लेकर आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र केशरी के आवास पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, भव्यता, संचालन व्यवस्था, आगंतुकों की सुरक्षा, आवागमन एवं ठहरने की समुचित व्यवस्था जैसे अहम बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। सभी पहलुओं पर विचार-विमर्श के बाद आयोजन को अंतिम रूप दिया गया। सम्मेलन को सफल बनाने में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की अहम भूमिका बताई जा रही है। संघ के पदाधिकारी एवं हिन्दू समाज के प्रबुद्धजन गांव-गांव और धार्मिक स्थलों तक पहुंचकर लोगों को सम्मेलन में भागीदारी के लिए प्रेरित कर रहे हैं। प्रचार-प्रसार का दौर भी तेज हो गया है। आयोजन समिति के सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं, जिनका वे पूरी तत्परता से निर्वहन कर रहे हैं। विदित हो कि बड़ी संगत मठिया नगर का एक प्रमुख धार्मिक स्थल है, जहां वर्षों से विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होता रहा है। ऐसे में इस ऐतिहासिक स्थल पर आयोजित होने वाला हिन्दू सम्मेलन नगरवासियों के लिए विशेष महत्व रखता है। बैठक में संघ के जिला प्रचारक अभिषेक भारती, नगर व्यवस्था प्रमुख रमेश केशरी, अधिवक्ता राजीव भगत, अमित कुमार, संजय गुप्ता, सोनू राय, विमलेश सिंह, मोहन प्रसाद, विकास पाठक सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने सम्मेलन को सफल और अनुशासित ढंग से संपन्न कराने का संकल्प दोहराया। नगर में इस आयोजन को लेकर उत्साह का माहौल है और आयोजकों को उम्मीद है कि 27 फरवरी को बड़ी संगत मठिया परिसर हिन्दू एकता के स्वर से गूंज

### शॉर्ट सर्किट से सुलगी बैंक ऑफ इंडिया शाखा, कंप्यूटर व दस्तावेज जले

**ग्रामीणों की तत्परता से टला बड़ा हादसा, नगदी सुरक्षित**



**डुमरांव।** डुमरांव प्रखंड क्षेत्र के सोवा स्थित बैंक ऑफ इंडिया की शाखा में गुरूवार की शाम अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। हादसे में बैंक के कई कंप्यूटर व जरूरी कागजात जलकर नष्ट हो गए, हालांकि राहत की बात यह रही कि कैश सुरक्षित बचा लिया गया। उप्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शाम करीब सात बजे बैंक भवन से धुआं उठता देख आसपास के लोगों को अनहोनी की आशंका हुई। कुछ ही देर में धुआं तेज लपटों में बदल गया और आग ने बैंक के अंदरूनी हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीण मौके पर जुट गए और तत्काल आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। उघटना की जानकारी मिलते ही कृष्णाब्रह्म थाना के सब इंस्पेक्टर अनिल कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। ग्रामीणों की मदद से आग पर काफी हद तक काबू पा लिया गया था। बाद में पहुंची अग्निशमन टीम ने शेष बची चिंगारियों को पूरी तरह बुझाया। शाखा प्रबंधक तरुण कुमार ने बताया कि प्रारंभिक तौर पर आग का कारण बिजली की शॉर्ट सर्किट प्रतीत हो रहा है। आग की चपेट में आने से कंप्यूटर सिस्टम, फर्नीचर और कुछ आवश्यक दस्तावेज क्षतिग्रस्त हुए हैं, लेकिन बैंक की नगदी पूरी तरह सुरक्षित है। उन्होंने बताया कि बैंकिंग कार्य को शीघ्र सामान्य करने के प्रयास किए जा रहे हैं। घटना के बाद बैंक परिसर में देर रात तक लोगों की भीड़ लगी रही। स्थानीय लोगों की सक्रियता और समय रहते किए गए प्रयासों से बड़ा आर्थिक नुकसान और संभावित जानमाल की क्षति टल गई। पुलिस मामले की विस्तृत जांच में जुट गई है, ताकि आग लगने के सटीक कारणों की पुष्टि की जा सके।




# ब्रह्मपुर कृषि फार्म का डीएम ने किया निरीक्षण, नकदी फसलों व नई तकनीक पर दिया जोर

■ **किसानों की आय बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण और आधुनिक संयंत्रों के उपयोग के निर्देश**



**केटी न्यूज/बक्सर**

जिलाधिकारी साहिला ने गुरूवार को ब्रह्मपुर प्रखंड अंतर्गत कृषि विभाग द्वारा संचालित कृषि फार्म का भ्रमण कर वहां चल रही गतिविधियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कृषि विभाग द्वारा विभिन्न प्रकार की रबी फसलों के आच्छादन की जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने फसलों की स्थिति, उत्पादन पद्धति तथा खेतों में अपनाई जा रही तकनीकों का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने जिला कृषि पदाधिकारी, बक्सर को निर्देशित किया कि इस कृषि फार्म में परंपरागत फसलों के साथ-साथ अन्य नकदी फसलों एवं फलदार पौधों का भी आच्छादन कराया जाए, ताकि किसान आधुनिक खेती की ओर आकर्षित हों। उन्होंने कहा कि कृषि फार्म को मॉडल के रूप में विकसित किया जाए, जहां किसान आकर नई तकनीकों और उन्नत खेती पद्धतियों का प्रत्यक्ष अवलोकन कर सकें।

निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने कृषि विभाग को आधुनिक कृषि यंत्रों एवं नवीन तकनीकों का बेहतर ढंग से उपयोग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक पद्धति से की गई खेती न केवल उत्पादन बढ़ाती है, बल्कि किसानों की आय में भी वृद्धि करती है। ऐसे में कृषि फार्म को प्रशिक्षण और प्रदर्शन इकाई के रूप में विकसित करना आवश्यक है।

जिलाधिकारी ने जिला कृषि पदाधिकारी को यह भी निर्देश दिया कि किसानों को नकदी फसलों, फल उत्पादन एवं अन्य आयवर्धक फसलों के संबंध में बेहतर संस्थानों में प्रशिक्षण दिलाया जाए। उन्होंने कहा कि समय-समय पर किसानों के लिए कार्यशाला, प्रशिक्षण शिविर एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं, ताकि वे नवीन तकनीक, उन्नत बीज, उर्वरक प्रबंधन एवं सिंचाई पद्धति के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकें।

उन्होंने स्पष्ट किया कि कृषि क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देना समय की मांग है। यदि किसान पारंपरिक खेती के साथ-साथ बाजार की मांग के अनुरूप फसल उत्पादन करेंगे, तो उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। निरीक्षण के दौरान कृषि विभाग के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने सभी को निर्धारित समयसीमा के भीतर आवश्यक कार्यों को पूर्ण करने तथा गुणवत्ता बनाए रखने का निर्देश दिया।

## थानाध्यक्ष माधुरी कुमारी ने बताया : घटना से संबंधित सभी कागजात एवं अनुसंधान की प्रक्रिया यातायात थाना को सुपुर्द कर दी गई

# तेज रफ्तार बाइक हादसा : मामला यातायात थाना को सुपुर्द, आरोपी सचिन राय पुलिस हिरासत में




**केटी न्यूज/डुमरांव**

कोरान सराय चौक पर हुई सड़क दुर्घटना, जिसमें बनकट गांव निवासी 48 वर्षीय नथुनी पासवान की इलाज के दौरान मौत हो गई थी, मामले में पुलिस ने आगे की कार्रवाई तेज कर दी है। थानाध्यक्ष माधुरी कुमारी ने बताया कि घटना से संबंधित सभी कागजात एवं अनुसंधान की प्रक्रिया यातायात थाना को सुपुर्द कर दी गई है, ताकि मामले की विधिवत जांच एवं अग्रेतर कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। दुर्घटना को अंजाम देने के आरोप में सिमरी थाना क्षेत्र के गायघाट गांव निवासी सचिन राय (पिता- रमेश राय) को पुलिस ने यातायात पुलिस को सौंप दिया है। बताया जा रहा है कि घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने उसे पकड़ लिया था और उसकी जमकर पिटाई कर दी थी। बाद में उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। सूत्रों के अनुसार, बुधवार को ही सचिन राय के भाई का तिलक समारोह निर्धारित था, लेकिन इस घटना के कारण वह समारोह में शामिल नहीं हो सका। हादसे के बाद गांव में तनाव का माहौल रहा, हालांकि पुलिस की सक्रियता से स्थिति नियंत्रण में है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतक के परिजनों द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। पुलिस मामले की हर बिंदु पर जांच कर रही है।

## पुराना भोजपुर बाजार में बेकाबू ई-रिक्शा का कहर, किसान को रौंदा

**केटी न्यूज/डुमरांव**



पुराना भोजपुर बाजार में यातायात अव्यवस्था एक बार फिर हादसे की वजह बनी। बुधवार सुबह खेत जाने निकले 52 वर्षीय किसान राम पूजन यादव को तेज रफ्तार और लापरवाही से चल रहे ई-रिक्शा ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वह सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद बाजार में अफरातफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाजार क्षेत्र में ई-रिक्शा चालकों की मनमानी लंबे समय से समस्या बनी हुई है। संकरी सड़क, भीड़भाड़ और उस पर बेतरतीब दौड़ते ई-रिक्शा हादसों को न्योता दे रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सुबह-शाम के व्यस्त समय में हालात और भी खतरनाक हो जाते हैं, लेकिन प्रशासनिक स्तर पर कोई ठोस पहल नजर नहीं आती।घायल किसान को परिजन अनुमंडल अस्पताल ले गए, जहां उनका इलाज जारी है। परिजनों ने चालक की पहचान होने की बात कही है और थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। इधर नया भोजपुर थाना ने स्पष्ट किया है कि आवेदन मिलते ही विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। सवाल यह है कि क्या हर हादसे के बाद ही व्यवस्था जागेगी? बाजार क्षेत्र में ट्रैफिक नियंत्रण, निर्धारित स्टैंड और सख्त निगरानी की मांग अब तेज हो गई है। स्थानीय लोग चेतावनी दे रहे हैं कि यदि जल्द ठोस कदम नहीं उठाए गए तो ऐसे हादसे दोहराते रहेंगे।

## रक्त की एक बूंद, जीवन की डोर : जलपुत्र अजय राय फिर बने किसी के लिए फरिश्ता

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव की सामाजिक सरोकारों से जुड़ी दुनिया में एक नाम बार-बार उम्मीद की तरह उभरता है, अजय राय। जलपुत्र के नाम से विख्यात युवा सामाजिक कार्यकर्ता अजय राय ने एक बार फिर मानवता की मिसाल पेश करते हुए रक्तदान कर एक जरूरतमंद मरीज की जान बचाई है। मामला नगर के वार्ड संख्या 25 का है। पार्षद बड़े टिंकू सिन्हा से सूचना मिली कि उनके मोहल्ले के निवासी अरुण कुमार श्रीवास्तव (55 वर्ष) गंभीर स्थिति में हैं और उन्हें तत्काल एबी पॉजिटिव रक्त की आवश्यकता है। अस्पताल में परिजनों की बेचैनी बढ़ती जा रही थी और समय तेजी से निकल रहा था। ऐसे नाजुक क्षण में अजय राय ने बिना देर किए आगे आकर रक्तदान करने का निर्णय लिया। जैसे ही रक्त की व्यवस्था हुई, परिजनों के चेहरे पर राहत की लकीरें साफ दिखाई देने लगीं। चिकित्सकों ने भी समय पर रक्त उपलब्ध होने को उपचार की दृष्टि से बेहद अहम बताया। अजय का यह कदम न केवल एक जीवन बचाने में सहायक बना, बल्कि समाज के सामने संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का जीवंत उदाहरण भी प्रस्तुत कर गया। गौरतलब है कि यह पहला अवसर नहीं है जब अजय राय ने रक्तदान किया हो। इससे पहले भी वे कई जरूरतमंदों के लिए रक्तदान कर चुके हैं। उनका मानना है कि ह्लरक्तदान महादान है, इससे बड़ा कोई दान नहीं। वे युवाओं से अपील करते हैं कि वे आगे आएं और नियमित रूप से रक्तदान कर मानव जीवन बचाने की इस मुहिम का हिस्सा बनें। अजय राय जल संरक्षण और स्वच्छता अभियान में भी सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। शहर में तालाबों की सफाई, जलस्त्रोतों के संरक्षण और जागरूकता अभियानों के कारण ही उन्हें जलपुत्र की उपाधि मिली है।

## सरेंजा में उपचाररत मिली मोबाइल पशु चिकित्सा यूनिट, निरीक्षण में व्यवस्थाएं दुरुस्त

**केटी न्यूज/बक्सर**




चौसा प्रखंड क्षेत्र में संचालित मोबाइल पशु चिकित्सा सेवा की जमीनी हकीकत परखने के उद्देश्य से गुरुवार को अधिकारियों ने औचक जांच की। निरीक्षण के दौरान एमवीयू (मोबाइल वेटरनरी यूनिट) एम्बुलेंस सरेंजा गांव में पशुओं का उपचार करती हुई पाई गई, जिससे सेवा की सक्रियता स्पष्ट हुई। क्षेत्रीय प्रबंधक योगेंद्र सिंह एवं जिला समन्वयक अग्निवेश कुमार ने एम्बुलेंस में उपलब्ध दवाइयों, चिकित्सकीय उपकरणों तथा अन्य आवश्यक संसाधनों की बारीकी से जांच की। साथ ही संबंधित अभिलेखों और दस्तावेजों का सत्यापन भी किया गया। जांच के क्रम में सभी कागजात अद्यतन एवं व्यवस्थित पाए गए। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद चिकित्सकीय टीम की कार्यप्रणाली की भी समीक्षा की। एमवीयू में तैनात डॉ. अजय प्रकाश यादव, पैरावेट अमित सिंह तथा चालक शत्रुधन सिंह अपने दायित्वों का निर्वहन करते मिले। टीम द्वारा पशुओं की जांच एवं उपचार की प्रक्रिया का अवलोकन किया गया। अधिकारियों ने सेवा की तत्परता और रिकॉर्ड संधारण पर संतोष व्यक्त किया। निरीक्षण के दौरान पशुपालकों से भी फीडबैक लिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि मोबाइल पशु चिकित्सा एम्बुलेंस के माध्यम से समय पर उपचार मिलने से पशुओं की सेहत में सुधार हुआ है। पहले जहां उपचार के लिए दूर-दराज के अस्पतालों तक जाना पड़ता था, वहीं अब गांव में ही सुविधा उपलब्ध हो रही है। इससे समय और खर्च दोनों की बचत हो रही है। अधिकारियों ने कहा कि पशुपालकों को सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिकता है। सेवा की निरंतर मॉनिटरिंग के लिए इस प्रकार के औचक निरीक्षण आगे भी जारी रहेंगे, ताकि व्यवस्था पारदर्शी और प्रभावी बनी रहे।

## एक नजर

### पुरानी रंजिश में संगरॉव नहर पुल पर खूनी हमला, वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर

**राजपुर।** राजपुर थाना क्षेत्र के संगरॉव गांव में पुरानी रंजिश ने बुधवार को हिंसक रूप ले लिया। नहर पुल के समीप गांव के ही विवेकानंद पांडेय पर जानलेवा हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घटना के बाद इलाके में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। मिली जानकारी के अनुसार विवेकानंद पांडेय किसी कार्य से ईसापुर खीरी मुख्य मार्ग से बक्सर की ओर जा रहे थे। जैसे ही वे संगरॉव नहर पुल के पास पहुंचे, पहले से मौजूद कुछ लोगों ने कथित तौर पर पुरानी दुश्मनी को लेकर गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर विवाद बढ़ गया और आरोप है कि दूसरे पक्ष के लोगों ने उन पर लाठी-डंडे व अन्य हथियारों से हमला कर दिया। हमले में वे गंभीर रूप से जख्मी होकर सड़क पर गिर पड़े। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल राजपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत चिंताजनक देख चिकित्सकों ने सदर अस्पताल बक्सर रेफर कर दिया। वहां से बेहतर इलाज के लिए वाराणसी स्थित ट्रामा सेंटर भेजा गया है। चिकित्सकों के अनुसार उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। घटना को लेकर पीड़ित की ओर से राजपुर थाने में लिखित आवेदन दिया गया है। आवेदन के आधार पर गांव के ही दिवाकर पांडेय, चंदन पांडेय सहित कुल 11 लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। थानाध्यक्ष निवास कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए चौकीदार को अलर्ट कर दिया गया है तथा पुलिस स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

### मठिला में नशे पर वार : हेरोइन संग धंधेबाज गिरफ्तार, एनडीपीएस मे जेल

**डुमरांव।** कोरानसराय थाना क्षेत्र के मठिला गांव में पुलिस ने नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक कथित हेरोइन तस्कर को गिरफ्तार किया है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस छापेमारी में आरोपी के पास से हेरोइन की दो पुड़िया बरामद की गई है। पुलिस ने मौके से ही उसे दबोच लिया और थाने लाकर पूछताछ की। थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस को लगातार सूचना मिल रही थी कि मठिला गांव का जयप्रकाश नामक व्यक्ति हेरोइन जैसे मादक पदार्थों की खरीद-बिक्री में संलिप्त है। सूचना की पुष्टि के बाद एक विशेष टीम गठित कर उसके ठिकाने पर छापेमारी की गई। तलाशी के दौरान उसके पास से संदिग्ध हेरोइन बरामद हुई, जिसे जब्त कर लिया गया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार आरोपी से कड़ी पूछताछ की गई है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि वह इस नेटवर्क में कब से सक्रिय था और इसके तार किन-किन लोगों से जुड़े हैं। इस कार्रवाई को इलाके में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान की अहम कड़ी माना जा रहा है। आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में मादक पदार्थों के कारोबार को किसी भी कीमत पर पनपने नहीं दिया जाएगा। साथ ही इस मामले में जुड़े अन्य संदिग्धों की भी तलाश की जा रही है। स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस कार्रवाई का स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि इससे गांव और आसपास के क्षेत्रों में नशे के कारोबार पर लगाम लगेगी।

### द्वितीय भारतीय भाषा की परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न, 29150 परीक्षार्थी हुए शामिल

**बक्सर।** वार्षिक माध्यमिक (सैद्धांतिक) परीक्षा 2026 के अंतर्गत बुधवार को जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर द्वितीय भारतीय भाषा विषय की परीक्षा शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न हुई। जिला नियंत्रण कक्ष से प्राप्त आधिकारिक सूचना के अनुसार दोनों पालियों में परीक्षार्थियों की उपस्थिति संतोषजनक रही तथा किसी भी परीक्षार्थी के निष्कासन की सूचना नहीं मिली। प्रथम पाली में द्वितीय भारतीय भाषा की परीक्षा में कुल 13,072 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 12,933 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 139 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि प्रथम पाली में एक भी परीक्षार्थी को निष्कासित नहीं किया गया। परीक्षा केंद्रों पर निर्धारित समय पर प्रश्नपत्र वितरण और उत्तर पुस्तिका संग्रह की प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हुई। इसी प्रकार द्वितीय पाली में कुल 12,017 परीक्षार्थियों को परीक्षा में शामिल होना था। इनमें 11,865 परीक्षार्थी उपस्थित हुए, जबकि 152 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। द्वितीय पाली में भी निष्कासन की संख्या शून्य रही, जिससे स्पष्ट है कि परीक्षा पूरी तरह अनुशासित माहौल में आयोजित की गई। जिला प्रशासन द्वारा सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा एवं निगरानी के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

# निर्माणाधीन पंचायत सरकार भवन निमेज का डीएम ने किया निरीक्षण, गुणवत्ता व समय सीमा पर सख्त

■ **एक ही परिसर में विवाह मंडप, उप स्वास्थ्य केंद्र समेत अन्य जनसुविधाओं का प्रस्ताव शीघ्र देने का आदेश**



**केटी न्यूज/ब्रह्मपुर**

बक्सर जिले के ब्रह्मपुर प्रखंड अंतर्गत निमेज पंचायत में निमार्णाधीन पंचायत सरकार भवन का जिलाधिकारी साहिला ने गुरूवार को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति का बारीकी से जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न हो तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाए।

निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि भवन का निर्माण कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी ने निर्माण एजेंसी और अधिकारियों को चेतावनी भरे लहजे में कहा कि कार्य में शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि पंचायत सरकार भवन ग्रामीण प्रशासन की धुरी है, ऐसे में इसका निर्माण मानक के अनुरूप और सुविधायुक्त होना चाहिए। जिलाधिकारी ने भवन के समीप उपलब्ध पर्याप्त सरकारी भूमि का भी अवलोकन किया। उन्होंने अंचलाधिकारी, ब्रह्मपुर को निर्देश दिया कि उक्त भूमि पर विवाह मंडप, उप स्वास्थ्य केंद्र एवं अन्य जनोपयोगी योजनाओं के लिए अविलंब प्रस्ताव समर्पित करें। उनका उद्देश्य एक ही परिसर में विभिन्न आवश्यक सुविधाओं का विकास कर ग्रामीणों को अधिकतम लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि यदि सभी सुविधाएं एक ही स्थल पर उपलब्ध होंगी तो आमजन को भटकना नहीं पड़ेगा। साथ ही जिला पंचायत राज पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि निर्माण कार्य की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें और भवन को सभी आवश्यक सुविधाओं से सुसज्जित करते हुए इसे मॉडल पंचायत सरकार भवन के रूप में विकसित कराया जाए। निरीक्षण के दौरान विशेष कार्य पदाधिकारी बक्सर, अनुमंडल पदाधिकारी डुमरांव राकेश कुमार, जिला पंचायत राज पदाधिकारी बक्सर, अंचलाधिकारी ब्रह्मपुर सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी के सख्त तेवर से साफ संकेत मिल गया है कि जिले में विकास कार्यों की रफ्तार और गुणवत्ता दोनों पर प्रशासन की पैनी नजर है।

## मरम्मत हुई या सिर्फ कागजी खेल... दो पंचायत, एक तस्वीर से बढ़ा विवाद

**केटी न्यूज/केसठ**




प्रखंड क्षेत्र के रामपुर और कतिकन्नार पंचायत में नल-जल योजना के मरम्मती कार्य को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। विभागीय पोर्टल पर अपलोड की गई तस्वीरों में दोनों पंचायतों के मरम्मत कार्य के नाम पर एक ही फोटो का उपयोग किया गया है। इससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है और पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न लग गया है। जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत की 15वीं वित्त आयोग मद की राशि से नल-जल योजना के मरम्मत कार्य पर लाखों रुपये खर्च किए गए हैं। लेकिन जब विभागीय पोर्टल पर कार्य की प्रगति देखने का प्रयास किया गया, तो पाया गया कि रामपुर और कतिकन्नार दोनों पंचायतों के नाम से एक ही तस्वीर अपलोड है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि दोनों स्थानों पर अलग-अलग मरम्मत कार्य हुआ है, तो अलग-अलग तस्वीरें अपलोड होनी चाहिए थीं। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि पोर्टल पर जो फोटो अपलोड की गई है, वह किसी निजी घर में लगे नल की प्रतीत होती है, जिससे यह संदेह और गहरा हो गया है कि कहीं मरम्मत कार्य कागजों पर तो नहीं दिखाया गया। अब सवाल उठ रहा है कि यह चूक तकनीकी सहायक की है या संबंधित एजेंसी की। यदि कार्य वास्तव में हुआ है, तो प्रमाण के रूप में सही तस्वीरें और स्थल विवरण सार्वजनिक क्यों नहीं किया गया।ग्रामीणों का आरोप है कि मरम्मत के नाम पर खानापूर्ति कर राशि की निकासी कर ली गई है। उन्होंने प्रशासन से मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है, ताकि सच्चाई सामने आ सके और यदि अनियमितता हुई है तो दोषियों पर कार्रवाई हो। इस संबंध में प्रखंड प्रशासन का पक्ष जानने का प्रयास किया गया, लेकिन समाचार लिखे जाने तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी। अब देखना यह है कि प्रशासन इस मामले को कितनी गंभीरता से लेता है और क्या जांच के बाद सच्चाई उजागर हो पाती है।

केशव टाइम्स डिजिटल संस्करण



बक्सर, 20 फरवरी 2026
website:keshavtimes.com
e-mail:keshavtimes1@gmail.com



# राज्यपाल से पोस्ट-डॉक्टोरल शोध नीति लागू करने की मांग

- **राज्यपाल सह कुलाधिपति को सौंपा ज्ञापन, विश्वविद्यालयों में संरचित व्यवस्था की पहल**

**केटी न्यूज/बक्सर**

बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से लोकभवन, पटना में युवा जदयू के प्रदेश महासचिव संदीप ठाकुर ने मुलाकात कर बिहार में उच्च शिक्षा के अंतर्गत पोस्ट-डॉक्टोरल शोध को बढ़ावा देने हेतु ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में राज्य के सभी राज्य विश्वविद्यालयों में सुदृढ़ एवं संरचित पोस्ट-डॉक्टोरल (पीएचडी के बाद) शोध व्यवस्था प्रारंभ करने की मांग की गई है। संदीप ठाकुर ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप अनुसंधान, नवाचार और ज्ञान-आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है, किंतु बिहार के अधिकांश राज्य विश्वविद्यालयों में पोस्ट-डॉक्टोरल शोध की कोई स्पष्ट संस्थागत व्यवस्था या नियमावली नहीं है। इस अभाव के कारण राज्य के प्रतिभाशाली युवा शोधकर्ता अन्य राज्यों की ओर पलायन करने को विवश हैं, जिससे प्रतिभा पलायन की समस्या लगातार बढ़ रही है। उन्होंने विशेष रूप से वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय का उल्लेख करते हुए कहा कि स्थापना के बाद से अब तक वहां केवल एक पोस्ट-डॉक्टोरल शोध कार्य संपन्न हुआ है। अन्य विश्वविद्यालयों में भी स्पष्ट नीति और दिशा-निर्देशों का अभाव है, जिसके चलते इस स्तर के शोध कार्य प्रभावी रूप से नहीं हो पा रहे हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि देश के अग्रणी विश्वविद्यालयों और केंद्रीय संस्थानों में पोस्ट-डॉक्टोरल शोध को उच्च स्तरीय प्रकाशनों, नवाचार, पेटेंट तथा नीति-निर्माण का आधार माना जाता है। यदि बिहार में एकीकृत और पारदर्शी पोस्ट-डॉक्टोरल नीति लागू की जाती है, तो राज्य में उच्च गुणवत्ता वाले अनुसंधान को बढ़ावा मिलेगा और वैश्विक स्तर पर प्रकाशनों की संख्या में वृद्धि होगी। संदीप ठाकुर ने बताया कि इससे युवा शोधकताओं को राज्य में ही बेहतर अवसर मिलेंगे, प्रतिभा संरक्षण संभव होगा तथा विश्वविद्यालयों की राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा में सुधार आएगा। साथ ही उद्योग, शिक्षा और समाज के बीच समन्वय मजबूत होगा तथा बिहार को अनुसंधान एवं नवाचार का उभरता केंद्र बनाया जा सकेगा।

प्रदेश महासचिव सह प्रभारी रोहतास संदीप ठाकुर ने राज्यपाल सह कुलाधिपति से अनुरोध किया कि राज्य विश्वविद्यालयों के लिए शीघ्र पोस्ट-डॉक्टोरल नीति अधिसूचित की जाए और गुणवत्ता-आधारित, पारदर्शी चयन प्रक्रिया लागू की जाए। उन्होंने कहा कि महामहिम की दूरदर्शी पहल से बिहार उच्च शिक्षा एवं अनुसंधान के क्षेत्र में स्थायी परिवर्तन संभव है। यह कदम न केवल युवा प्रतिभाओं को राज्य में रोकेगा, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर बिहार की शैक्षणिक पहचान को भी सशक्त बनाएगा।



# बिहार के 85 प्रखंडों में जल्द शुरू होंगी डिजिटल लाइब्रेरी, छात्रों को मिलेगा हाईटेक स्टडी प्लेटफॉर्म



**एजेंसी। पटना**

बिहार विधानसभा में गुरुवार को डिजिटल लाइब्रेरी योजना को लेकर अहम जानकारी दी गई। सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्रेयसी सिंह ने बताया कि राज्य के 85 प्रखंडों में इसी वित्तीय वर्ष के भीतर डिजिटल लाइब्रेरी शुरू कर दी जाएगी। इन सभी स्थानों पर भवन और स्थल की पहचान की जा चुकी है, जबकि 158 अन्य प्रखंडों में स्थल चयन की प्रक्रिया जारी है। यह जानकारी उन्होंने विधायक आलोक मेहता के ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के जवाब में दी। सरकार का लक्ष्य राज्य के सभी 243 विधानसभा क्षेत्रों में एक-एक डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित करना है। यह पहल ह्यमुख्यमंत्री डिजिटल लाइब्रेरी योजनाह्न के तहत की जा रही है, जिसका उद्देश्य छात्रों को आधुनिक तकनीक से जोड़ना है। लाइब्रेरी में हाईस्पीड इंटरनेट, कंप्यूटर सिस्टम और ई-लर्निंग संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे। सरकार चाहती है कि गांव और कस्बों के विद्यार्थी भी डिजिटल प्लेटफॉर्म पर गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई कर सकें, जिससे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं को विशेष लाभ मिलेगा। पटना स्थित बिस्कोमान भवन में राज्य स्तरीय डिजिटल लाइब्रेरी पहले से संचालित है, जिसे मंत्री ने मॉडल लाइब्रेरी बताया। इसी तर्ज पर अन्य जिलों और प्रखंडों में भी लाइब्रेरी विकसित की जाएंगी। विभागीय टीमों द्वारा कार्यों की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। संचालन के लिए एजेंसी चयन, मानव संसाधन की व्यवस्था तथा आवश्यक उपकरण और फर्नीचर की खरीद प्रक्रिया जारी है। सरकार का दावा है कि छात्रों को गुणवत्तापूर्ण डिजिटल कंटेंट उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं, राजद विधायक भाई वीरेंद्र ने सुझाव दिया कि स्थल चयन में स्थानीय विधायकों की राय भी ली जाए। इस पर मंत्री ने कहा कि मौजूदा प्रक्रिया में बदलाव से देरी हो सकती है, हालांकि भविष्य में जनप्रतिनिधियों की सलाह शामिल करने पर विचार किया जाएगा। सरकार का मानना है कि इस योजना से ग्रामीण और शहरी छात्रों के बीच संसाधनों की खाई कम होगी और शिक्षा व्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी।

### 158 प्रखंडों में स्थल चयन जारी

मंत्री ने बताया कि 158 अन्य प्रखंडों में स्थल चयन की प्रक्रिया चल रही है. यह जवाब उन्होंने विधायक आलोक मेहता के ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर दिया. सरकार का लक्ष्य राज्य के सभी 243 विधानसभा क्षेत्रों में एक-एक डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित करना है।

### मुख्यमंत्री डिजिटल लाइब्रेरी योजना के तहत पहल

यह पूरी कवायद ह्यमुख्यमंत्री डिजिटल लाइब्रेरी योजनाह्न के तहत की जा रही है. योजना का उद्देश्य छात्रों को आधुनिक तकनीक से जोड़ना है. लाइब्रेरी में हाईस्पीड इंटरनेट की सुविधा होगी. कंप्यूटर सिस्टम और ई-लर्निंग संसाधन भी उपलब्ध कराए जाएंगे.सरकार चाहती है कि गांव और कस्बों के विद्यार्थी भी डिजिटल प्लेटफॉर्म पर पढ़ाई कर सकें. इससे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं को बड़ा फायदा मिलेगा।

### बिस्कोमान भवन बना मॉडल

पटना स्थित बिस्कोमान भवन में राज्य स्तरीय डिजिटल लाइब्रेरी पहले से संचालित है. मंत्री ने इसे मॉडल लाइब्रेरी बताया. इसी तर्ज पर अन्य जिलों और प्रखंडों में लाइब्रेरी विकसित की जाएंगी. क्षेत्रीय स्तर पर काम तेज कर दिया गया है. विभागीय टीम लगातार मॉनिटरिंग कर रही है.

### एजेंसी चयन की प्रक्रिया

डिजिटल लाइब्रेरी के संचालन के लिए एजेंसी चयन की प्रक्रिया जारी है. मानव संसाधन उपलब्ध कराने की तैयारी हो रही है. जरूरी उपकरण और फर्नीचर की व्यवस्था भी की जाएगी. सरकार का दावा है कि छात्रों को गुणवत्तापूर्ण डिजिटल कंटेंट मिलेगा.

# जिलाधिकारी ने उद्योग विभाग योजनाओं पर की समीक्षा बैठक

- **लंबित आवेदनों के शीघ्र निष्पादन के लिए दिया निर्देश**

**केटी न्यूज/नवादा**

जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में उद्योग विभाग द्वारा संचालित योजनाओं पीएमईजीपी-1एवं 2, पीएमएफएमई तथा पीएम विश्वकर्मा योजना से संबंधित एक समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में महाप्रबंधक उद्योग ने अवगत कराया कि नवादा जिले में पीएमईजीपी योजना के अंतर्गत कुल 68 लक्ष्य निर्धारित किए गए थे। जिनमें से 51 आवेदनों का निष्पादन किया जा चुका है, जबकि शेष आवेदन लंबित हैं। इस पर जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि शेष बचे सभी आवेदनों को एक सप्ताह के भीतर आवश्यक कार्रवाई करते हुए निष्पादित किया जाए। जिला पदाधिकारी ने यह भी स्पष्ट निर्देश दिया कि जिन बैंकों द्वारा अब तक आवेदनों की स्वीकृति नहीं दी गई है, वे स्वीकृति प्रदान करते हुए 13 मार्च 2026 को लगाए जाने वाले कैंप तक सभी लंबित मामलों को शून्य करें। पीएमएफएमई योजना की समीक्षा के क्रम में बताया गया कि कुल 174 लक्ष्य के विरुद्ध 105 मामलों का निष्पादन किया जा चुका है। इस पर जिला पदाधिकारी द्वारा महाप्रबंधक उद्योग को शेष मामलों का भी शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में महाप्रबंधक, उद्योग राजेश्वर राव, लडीएम नवादा श्री मनीष कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



## आस्था : श्रीमद देवी भागवत महापुराण के प्रवचन में डूबेंगे भक्त

**केटी न्यूज/आरा**

नगर पंचायत शाहपुर के गोपालपुर गांव में शुक्रवार 20 फरवरी से श्रीमद देवी भागवत महापुराण यज्ञ का आयोजन किया गया है। नव दिवसीय दिव्य मातृ कथा की तैयारी पूरी कर ली गई है। तैयारी समिति के अध्यक्ष श्रीमन पांडेय ने बताया कि भव्य यज्ञ समारोह के कथा वाचक यूपी उत्तरप्रदेश प्रयाग के महान संत स्वामी सत्या जी महाराज की तत्वावधान में वैदिक मंत्रोच्चार की गूंज के बीच शुरू होगा।

इस आयोजन समिति के यजमान रमाशंकर पांडेय एवं राम कुमारी देवी ने बताया कि

कथा के अचार्य ऋषिदेव पांडेय है। यज्ञ की पूणाहित हवन व भंडारा 1 मार्च को होगा। वहीं रात्रि में देवीजागरण का सांस्कृतिक कार्यक्रम में कलकारो का जमघट होगा। इस तैयारी समिति में विक्रमा पांडेय, धनजी पांडेय, मंजी पांडेय,बब्लु पांडेय,श्रीमन पांडेय सहित कई लोग भाग लेंगें।

# भाजपा कार्यकर्ता के आकस्मिक निधन से लोगों में शोक की लहर

**केटी न्यूज/रोहतास**



भाजपा के वरिष्ठ नेता बिनोद कुमार सिंह के आकस्मिक निधन से कार्यकताओं व लोगों में शोक की लहर दौड़ गई, वह विगत कई दिनों से बीमार चल रहे थें। भाजपा नेता गुड्डू सिंह, मुन्ना कुशवाहा, उसरी पैक्स अध्यक्ष सह भाजपा नेता ज्योति प्रकाश, डेढगाव पैक्स अध्यक्ष रंजीत सिंह, सेमरी पैक्स अध्यक्ष सतेंद्र सिंह,भाजपा के नागरिक राज्य परिषद अध्यक्ष पुष्पा चौहान, जदयू के गंगा सिंह समेत कई लोगों ने बताया कि दावथ निवासी बिनोद कुमार सिंह भाजपा में विगत दो दशक से ज्यादा दिनों तक भाजपा के सच्चे सिपाही की तरह अपने कर्तव्यों की निर्वाहन करते आ रहे थे। वे भाजपा के मंडल अध्यक्ष, नगर पंचायत अध्यक्ष समेत कई पदों पर रहते हुए भाजपा के लिए तन मन से काम किए हैं। वे एक कर्मठ, जुझारू और इमानदार नेता थें। वें विगत दिनों से बीमार चल रहे थें। जिनका इलाज पटना समेत कई बड़े अस्पताल में कराया जा रहा था। लेकिन बुधवार की रात्रि में अपने आवास पर अंतिम सांस ली। उनके मृत्यु से पार्टी को काफी क्षति हुई है। सभी कार्यकताओं में शोक व्याप्त है।

## एक नजर

### रोहतास डीपीओ ने डीएवी स्कूल प्राचार्य को किया सम्मानित

**बिक्रमगंज।** शिक्षा के साथ-साथ संस्कार,अनुशासन और पर्यावरण संरक्षण की मिसाल पेश करते हुए डीएवी पब्लिक स्कूल को मिला सम्मान। विद्यालय को जिले का सबसे स्वच्छ एवं हरित विद्यालय घोषित किया गया है। यह सम्मान न केवल विद्यालय के लिए,बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बन गया है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार रोहतास के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी रोहित रौशन द्वारा विद्यालय की प्राचार्या कुमारी प्रिया को प्रदान किया गया। सम्मान ग्रहण करते हुए प्राचार्या ने इसे विद्यालय परिवार की सामूहिक प्रतिबद्धता और निरंतर प्रयासों का परिणाम बताया। प्र विद्यालय परिसर की उत्कृष्ट स्वच्छता व्यवस्था,सुसंगठित कचरा प्रबंधन प्रणाली,हरित वातावरण,नियमित पौधारोपण अभियान तथा विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए चलाए जा रहे विशेष कार्यक्रमों ने इस उपलब्धि को संभव बनाया है। बच्चों को स्वच्छता का व्यवहारिक प्रशिक्षण देने और हर कक्षा में हरित सोच को बढ़ावा देने की पहल ने विद्यालय को अन्य संस्थानों से अलग पहचान दिलाई है।

### फायरिंग कांड के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**काराकाट ।** पुलिस ने आर्म्स एक्ट के एक मुख्य अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संदर्भ में प्रभारी थानाध्यक्ष रोहित कुमार ने बताया कि पिछले साल थाना क्षेत्र के भरथाडीह गांव में हुई फायरिंग घटना के आर्म्स एक्ट मामले में थाने में कांड संख्या 160/25 दर्ज किया गया था। इस मामले में मुख्य आरोपी बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के धारुपुर निवासी रामेश्वर सिंह के 25 वर्षीय पुत्र सरोज कुमार यादव को गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर लिया गया। प्रभारी थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी सरोज को पूछताछ के बाद जरूरी कानूनी प्रक्रिया पूरी कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि यह गिरफ्तारी पुलिस की सतत निगरानी और सूत्रों की सक्रियता से हुई है। फरार अन्य अभियुक्तों के गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जारी है । जल्द ही बाकी आरोपियों को भी दबोच लिया जाएगा। स्थानीय स्तर पर अपराधियों के खिलाफ काराकाट पुलिस सख्ती करते हुए लोगों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना वह निर्भीक होकर पुलिस को दें। इससे अपराध नियंत्रण में सहायता मिलेगी।

### सड़क दुर्घटना में महिला की मौत,दो युवक जख्मी

**बिक्रमगंज ।** बिक्रमगंज-दिनारा मुख्य मार्ग पर बुधवार की देर रात करीब 9 बजे सड़क दुर्घटना में एक महिला की मौत घटनास्थल पर हो गई,जबकि दो युवक जख्मी हो गए। सूत्रों के अनुसार घटना के संदर्भ में बताया जाता है कि अज्ञात वाहन बिक्रमगंज की ओर से दिनारा तरफ जा रही थी,जबकि एक ही बाइक पर सवार महिला समेत तीन लोग दिनारा की ओर से अपने गांव नटवार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम असियां आ रहे थे। उसी क्रम में महरोड़ गांव के समीप अज्ञात वाहन ने सामने से आकर बाइक सवार में जोरदार टक्कर मार दी। घटना को अंजाम देकर वाहन चालक वाहन को लेकर फरार हो गया। जबकि प्राप्त सूचना के आधार पर स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंच घटना का जायजा लेते हुए मृत महिला के शव को कब्जे में लेते हुए दोनों जख्मी युवक को दिनारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक इलाज के लिए पहुंचाया । जहां अस्पताल के चिकित्सकों ने दोनों जख्मी युवकों का प्राथमिक इलाज शुरू कर दी। जिनका इलाज अभी चल रहा है। थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि मृत महिला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम असियां निवासी मदन ठाकुर के 63 वर्षीय पत्नी सोना देवी बताई जाती हैं। जख्मी युवक मृत महिला के पुत्र चितरंजन ठाकुर और दूसरा युवक उसी गांव के अक्षय कुमार बताया जाता है। जिन दोनों जख्मियों का इलाज अभी चल रहा है।

### पास्को एक्ट अभियुक्त के घर रांची पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**पीरो।** रांची के जगन्नाथपुर थाना में में दर्ज पास्को एक्ट के एक मामले में करीब छः वर्ष से फरार चल रहे आरोपी के पीरो थाना क्षेत्र के धानपोखर गांव स्थित घर पर रांची पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया। मंगलवार को जगन्नाथपुर थाना के इंस्पेक्टर विनोद साह और पीरो थाना की पुलिस ने धानपोखर स्थित आरोपी के घर पर पहुंचकर विधिवत कार्रवाई करते हुए आरोपी के घर इश्तेहार चिपकाने की करवाई पूरी की। इस मामले की जानकारी देते हुए इंस्पेक्टर विनोद साह ने बताया कि वर्ष 2019 में जगन्नाथपुर थाना में पास्को एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी जिसमें पीरो थाना क्षेत्र के धानपोखर निवासी भगवान यादव के पुत्र सरोज यादव आरोपी है। मामला दर्ज होने के बाद से ही सरोज यादव फरार चल रहा है। इस मामले में रांची के न्यायालय के आदेश के आलोक में इंस्पेक्टर विनोद साह पुलिस बल के साथ पीरो पहुंचे और पीरो थाना की पुलिस के सहयोग से धानपोखर स्थित आरोपी के घर इश्तहार चिपकाया। इंस्पेक्टर विनोद साह ने कहा कि 21 फरवरी 26 तक आरोपी को सशरीर न्यायालय में उपस्थित होने को कहा गया है। उसके बाद आरोपी के घर की कुर्की जब्ती की करवाई की जाएगी।

### पीरो अनुमंडल में मैट्रिक परीक्षा तीसरे दिन भी कदाचारमुक्त संपन्न

**पीरो ।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2026 के तीसरे दिन पीरो अनुमंडल क्षेत्र के सभी परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण माहौल में कदाचारमुक्त संपन्न हुई। जिस परीक्षा के दूसरे दिन केंद्रों पर 35 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। प्लस टू उच्च विद्यालय पीरो केंद्र पर पहली पाली में 535 व दूसरी पाली में 470 परीक्षार्थियों को शामिल होना था। इसमें 8 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल नहीं हुए। वहीं महात्मा गांधी कालेज लहराबाद में दोनों पालियों को मिलाकर 1146 परीक्षार्थियों में से 9 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। पुष्पा उच्च विद्यालय पीरो केंद्र पर 1276 परीक्षार्थियों में से 1265 परीक्षार्थी ही परीक्षा में शामिल हुए। यहां सबसे अधिक 11 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जबकि बीएसएस कालेज बचरी केन्द्र पर सात परीक्षार्थियों द्वारा परीक्षा छोड़ने की सूचना है।

# सासाराम : राष्ट्रीय एकीकरण शिविर का चौथा दिन योगाभ्यास ज्ञान के साथ संपन्न

**केटी न्यूज/रोहतास**




विविधता में एकता का जीवंत स्वरूप बना राष्ट्रीय एकीकरण शिविर का चौथे दिन युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय-भारत सरकार,एनएसएस क्षेत्रीय निदेशालय-बिहार एवं झारखंड तथा वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में सासाराम स्थित एसपी जैन कॉलेज में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय एकीकरण शिविर के चौथे दिन भी उत्साह और ऊर्जा का माहौल बना रहा। दिन की शुरूआत सुबह 5 बजे के साथ हुई। जहां स्वयंसेवकों ने प्राणायाम और विभिन्न आसनों के माध्यम से मानसिक शांति और शारीरिक सुद्दढ़ता का पाठ सीखा। योग सत्र के दौरान प्रशिक्षकों ने युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और एकाग्रता बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। इसके उपरांत आयोजित बौद्धिक सत्र में प्रख्यात गीतकार डॉ. सागर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपनी काव्यमयी प्रस्तुति और प्रेरणादायी उद्बोधन से स्वयंसेवकों में जोश भर दिया। डॉ. सागर ने कला और साहित्य के माध्यम से राष्ट्रीय एकता और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने पर बल देते हुए युवाओं से राष्ट्र निर्माण में अपनी रचनात्मक ऊर्जा का सदुपयोग करने का आह्वान किया। दोपहर के सत्र में आयोजित विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताओं में देश के अलग-अलग कोनों से आए प्रतिभागियों ने अपनी कल्पनाशीलता और हुनर का प्रदर्शन किया। स्वयंसेवकों ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से भारतीय संस्कृति की गौरवशाली परंपराओं को प्रदर्शित किया और समाज सेवा में युवाओं की भूमिका पर अपने विचार साझा किए। शाम की सांस्कृतिक संध्या एक बार फिर मुख्य आकर्षण रही, जहाँ विभिन्न राज्यों की लोक संस्कृतियों का अद्भुत संगम देखने को मिला। रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में सजे स्वयंसेवकों ने लोकनृत्य और गीतों के माध्यम से लघु भारत' की छवि प्रस्तुत की। कार्यक्रम के दौरान एनएसएस समन्वयक डॉ. साधना रावत और प्राचार्य प्रो. नवीन कुमार ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि भारत सरकार के सहयोग से आयोजित यह शिविर युवाओं को एक-दूसरे की संस्कृति समझने और आपसी भाईचारा बढ़ाने का अनूठा मंच प्रदान कर रहा है। चौथे दिन की इन गतिविधियों ने एक भारत-श्रेष्ठ भारत" के संकल्प को और अधिक मजबूती प्रदान की।

# शहीद सिपाही के 24वीं शहादत दिवस पर लोगों ने दी श्रद्धांजलि

**केटी न्यूज/रोहतास**

प्रखंड क्षेत्र के कहूआरा गांव में गुरुवार के दिन करीब 11 बजे शहीद सिपाही अरविंद कुमार सिंह के 24वीं शहादत दिवस मनाया गया। सिपाही अरविंद कुमार सिंह ने ऑपरेशन पराक्रम के दौरान पंजाब क्षेत्र में राष्ट्र की सुरक्षा के लिए फरवरी 2002 में अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था। उक्त मौके पर एक मिनट का मौन धारण कर सैकड़ों लोगों ने नम आंखों से उन्हें याद कर उनके स्थापित प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित और माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। जहां उपस्थित लोगों ने शहीद सिपाही के याद में अमर रहें का नारा भी लगाया। मौके पर सूबेदार सुहेन्द्र सिंह, सूबेदार हरेंद्र सिंह, भूत पूर्व सैनिक संघ अध्यक्ष मनोज कुमार, पांडेय, काराकाट प्रखंड सचिव अशोक कुमार सिंह, वीरेंद्र सिंह,हरेंद्र कुमार सिंह,मुखिया योगेंद्र सिंह एवं सरपंच प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीण लोगों ने कार्यक्रम में भाग लिया।



# पटना मेट्रो का विस्तार: मलाही पकड़ी तक संचालन के लिए अंतिम तैयारियां पूरी



**एजेंसी। पटना**

पटना में मेट्रो सेवा के विस्तार का इंतजार कर रहे लोगों के लिए राहत भरी खबर है। पाटलिपुत्र बस टर्मिनल से जीरो माइल होते हुए मलाही पकड़ी तक मेट्रो रेल के परिचालन की तैयारियां अपने अंतिम चरण में हैं। वर्तमान में बस स्टैंड से जीरो माइल और खेमनीचक तक मेट्रो का संचालन जारी है, जबकि भूतनाथ से आगे मलाही पकड़ी तक ट्रायल और सुरक्षा से जुड़ी प्रक्रियाएं तेजी से पूरी की जा रही हैं। माना जा रहा है कि अगले कुछ ही दिनों में इस नए खंड पर भी मेट्रो दौड़ने लगेगी, जिससे पूर्वी पटना के लाखों लोगों को जाम और लंबी यात्रा से राहत मिलेगी। कल अधिकारियों की टीम ने संबंधित मेट्रो स्टेशन का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्टेशन के प्रवेश और निकास बिंदुओं, पंप रूम, भूतल, कॉनकोर्स लेवल और प्लेटफॉर्म लेवल समेत सभी महत्वपूर्ण हिस्सों का बारीकी से जायजा लिया गया। टीम ने सुनिश्चित किया कि यात्री सुविधाओं और तकनीकी व्यवस्थाएं तय मानकों के अनुरूप हों। अग्नि सुरक्षा मानकों को लेकर विशेष सतर्कता बरती गई। स्टेशन परिसर में लगे सभी फायर फाइटिंग सिस्टम, अलार्म, इमरजेंसी एग्जिट और वेंटिलेशन की जांच की गई, ताकि किसी भी आपात स्थिति में यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। यह निरीक्षण अग्नि सुरक्षा सत्यापन की अंतिम प्रक्रिया का हिस्सा था, जो मेट्रो संचालन से पहले अनिवार्य है। इसके बाद सीएमआरएस निरीक्षण होगा और उसके बाद अनापत्ति प्रमाण पत्र (ठडउ) जारी किया जाएगा। एनओसी मिलने के साथ ही इस रूट पर मेट्रो संचालन का रास्ता पूरी तरह साफ हो जाएगा। पटना मेट्रो प्रशासन ने कहा है कि यात्रियों की सुरक्षा, विश्वसनीय सेवा और आधुनिक सुविधाओं के उच्चतम मानकों को ध्यान में रखते हुए सभी तैयारियां अंतिम रूप दे दी गई हैं। जल्द ही शहरवासियों को मेट्रो के इस नए खंड की सौगात मिलने वाली है।

# बिहार के लोगों को मिली अमृत भारत एक्सप्रेस की सौगात, बंगाल और महाराष्ट्र का सफर होगा आसान

**एजेंसी। पटना**

बिहार के लोग पढ़ाई और रोजगार के सिलसिले में अक्सर बाहर रहते हैं। ऐसे में उन्हें जब घर आना होता है तो सबसे बड़ी मुश्किल इस बात की होती है कि जिस डेट पर उन्हें घर जाना होता है उस डेट पर उन्हें टिकट नहीं मिल पाता है। ऐसे में रेलवे ने बिहार के लोगों को बड़ी खुशखबरी दी है। रेलवे की तरफ से गुरुवार को दी गई जानकारी के मुताबिक, यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर डीडीयू-पाटलिपुत्र-हाजीपुर-मुजफ्फरपुर - समस्तीपुर-खगड़िया-मानसी-कटिहार के रास्ते पनवेल और अलीपुरद्वार के मध्य अत्याधुनिक एवं विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त अमृत भारत एक्सप्रेस का परिचालन प्रारंभ किया जा रहा है।यह अमृत भारत एक्सप्रेस गैर-वातानुकूलित श्रेणी की प्रीमियम ट्रेन है। जिसमें मोबाइल चार्जिंग पोर्ट, आरामदायक सफर के लिये एयर स्प्रिंग बॉडी, रेडियम फ्लोर स्ट्रिप्स, स्वच्छ दिव्यांगजन-अनुकूल प्रसाधन, सेफ्टी के लिये फायर डिटेक्शन, टॉक-बैक यूनिट, आधुनिक प्रकाश व्यवस्था सहित कई उन्नत यात्री सुविधायें उपलब्ध हैं रेलवे की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक गाडी सं. 11031/11032 पनवेल-अलीपुरद्वार-पनवेल अमृत भारत एक्सप्रेस का नियमित परिचालन पनवेल से 23.02.2026 से तथा अलीपुरद्वार से 26.02.2026 से प्रारंभ किया जा रहा है। यह ट्रेन पनवेल से प्रत्येक सोमवार को तथा अलीपुरद्वार से प्रत्येक गुरूवार को परिचालित की जायेगी। गाड़ी सं. 11031 पनवेल-अलीपुरद्वार अमृत भारत एक्सप्रेस दिनांक 23.02.2026 से प्रत्येक सोमवार को पनवेल से 11.50 बजे खुलकर कल्याण-भुसावल-इटारसी-जबलपुर-प्रयागराज छिवकी के रास्ते मंगलवार को 14.58 बजे डीडीयू, 18.25 बजे पाटलिपुत्र, 19.50 बजे हाजीपुर, 21.35 बजे मुजफ्फरपुर, 22.45 बजे समस्तीपुर रूकते हुए बुधवार को 03.20 बजे कटिहार पहुंचेगी तथा कटिहार से 03.30 बजे खुलकर किशनगंज-न्यूजलपाईगुड़ी-सिलीगुड़ी के रास्ते 13.50 बजे अलीपुरद्वार पहुंचेगी। वहीं, वापसी में गाड़ी सं. 11032 अलीपुरद्वार-पनवेल अमृत भारत एक्सप्रेस दिनांक 26.02.2026 से प्रत्येक गुरूवार को अलीपुरद्वार से 04.45 बजे खुलकर 12.50 बजे कटिहार, 15.23 बजे खगड़िया, 16.45 बजे समस्तीपुर, 18.35 बजे मुजफ्फरपुर, 19.30 बजे हाजीपुर, 20.30 बजे पाटलिपुत्र बजे, शुक्रवार को 00.08 बजे डीडीयू सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए शनिवार को 05.30 बजे पनवेल पहुंचेगी।



## कब से शुरू होगा परिचालन?

रेलवे की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक गाडी सं. 11031/11032 पनवेल-अलीपुरद्वार-पनवेल अमृत भारत एक्सप्रेस का नियमित परिचालन पनवेल से 23.02.2026 से तथा अलीपुरद्वार से 26.02.2026 से प्रारंभ किया जा रहा है। यह ट्रेन पनवेल से प्रत्येक सोमवार को तथा अलीपुरद्वार से प्रत्येक गुरूवार को परिचालित की जायेगी।

## नोट कर लें रूट और टाइमिंग

गाड़ी सं. 11031 पनवेल-अलीपुरद्वार अमृत भारत एक्सप्रेस दिनांक 23.02.2026 से प्रत्येक सोमवार को पनवेल से 11.50 बजे खुलकर कल्याण-भुसावल-इटारसी- जबलपुर-प्रयागराज छिवकी के रास्ते मंगलवार को 14.58 बजे डीडीयू, 18.25 बजे पाटलिपुत्र, 19.50 बजे हाजीपुर, 21.35 बजे मुजफ्फरपुर, 22.45 बजे समस्तीपुर रूकते हुए बुधवार को 03.20 बजे कटिहार पहुंचेगी तथा कटिहार से 03.30 बजे खुलकर किशनगंज-न्यूजलपाईगुड़ी-सिलीगुड़ी के रास्ते 13.50 बजे अलीपुरद्वार पहुंचेगी।

## एक नजर

### घास काटने गई 15 साल की नाबालिग बच्ची के साथ गैंगरेप की कोशिश, 4 आरोपियों को पुलिस ने दबोचा



**बेगूसराय।** बेगूसराय जिले में एक बार फिर मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। वीरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव के बहियार में घास काटने गई 15 वर्षीय नाबालिग किशोरी के साथ चार युवकों ने गैंगरेप की कोशिश की। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पीड़िता ने वीरपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराया है। उसने पुलिस को बताया है कि 17 फरवरी की दोपहर गांव से सटे बहियार में घास काटने गई थी। इसी दौरान चार युवकों ने उसे जबरन पकड़ लिया और गेहूं के खेत में खींचकर ले गए। आरोप है कि आरोपियों ने उसका मुंह बंद कर दिया और कचिया (हसुआ) के बल पर सामूहिक दुष्कर्म का प्रयास किया। पीड़िता के अनुसार, जब उसने शोर मचाया तो आसपास खेतों में काम कर रहे लोग वहां पहुंचने लगे, जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया है कि आरोपियों ने जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए गाली-गलौज की। मामले की गंभीरता को देखते हुए वीरपुर थाना अध्यक्ष रविंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने त्वरित छापेमारी कर मैदा बभनगामा निवासी मोहम्मद जमानत, मोहम्मद आफताब, मोहम्मद मिस्टर तथा बलिया थाना अंतर्गत हुसैना निवासी मोहम्मद इम्तियाज को गिरफ्तार कर लिया। सभी आरोपियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें बेगूसराय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

### बिहार सरकार का बड़ा फैसला : राज्य में डीजे बजाने पर लगेगा प्रतिबंध, मंत्री ने 15 दिन में कार्रवाई का किया एलान

**पटना।** बिहार सरकार ने सामाजिक और धार्मिक आयोजनों के दौरान डीजे बजाने पर रोक का एलान कर दिया है। बिहार विधान परिषद में आज एक निर्दलीय एमएलसी ने सवाल उठाया। जिसपर परिवहन मंत्री ने कहा कि बिना अनुमति और लाइसेंस वाले डीजे बजाने पर रोक लगेगी और ऐसी गाड़ियों को जब्त किया जाएगा। दरअसल, बिहार विधान परिषद में डीजे बजाने पर रोक लगाने की मांग उठी। निर्दलीय एमएलसी वंशीधर व्रजवासी ने इस मुद्दे को उठाते हुए कहा कि तेज आवाज में डीजे बजाने से कई लोगों का हृदयाघात हो गया है। उन्होंने यह भी बताया कि शादी-ब्याह के मौके पर गोलियां चलती हैं और जिस गाड़ी पर डीजे बजता है उसका नंबर भी अक्सर नहीं होता। निर्दलीय एमएलसी वंशीधर व्रजवासी की इस मांग का सदन में मौजूद अन्य सदस्यों ने समर्थन किया। अन्य सदस्यों ने भी डीजे बजाने पर रोक की मांग की। इस पर परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने परिषद में बड़ा बयान दिया और कहा कि 15 दिनों के भीतर बिहार में सभी डीजे बजाने पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि बिना अनुमति और लाइसेंस वाले डीजे बजाने पर रोक लगेगी और ऐसी गाड़ियों को जब्त किया जाएगा। मंत्री ने स्पष्ट किया कि परिवहन विभाग साउंड पॉल्यूशन पर भी सख्ती से कार्रवाई करेगा और बाद में यह मत कहिएगा कि शादी-ब्याह में डीजे बजाने दीजिए।

# पटना में रिटायर सेना के जवान की गोली मारकर हत्या, जमीन विवाद से जुड़ा है मामला



**एजेंसी। पटना**

राजधानी पटना के गोपालपुर थाना क्षेत्र के मानपुर बैरिया में गुरुवार को दिनदहाड़े एक युवक ने सेवा निवृत्त आर्मी मैन को गोली मार दी। घायल व्यक्ति को आनन-फानन में इलाज के लिए पटना के निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मामले को आपसी जमीन विवाद से जोड़कर देखा जा रहा है। मृतक की पहचान अशोक नगर निवासी तेजनंदन राय (45) के रूप में हुई है।घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। इस मामले पर सदर पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी 2 रंजन कुमार ने बताया कि तेजनंदन राय सेवा से सेवानिवृत्त होने के बाद उड़ीसा में एक कंपनी में काम कर रहे थे। उन्होंने वर्ष 2005 में गोपालपुर बैरिया में चोखा राय से एक जमीन खरीदी थी। उस जमीन पर चोखा राय का नाती विकास कुमार अपना दावा कर रहा था। गुरुवार को तेजनंदन राय जमीन की नापी कराने के बाद बाउंड्री वॉल बनवा रहे थे। इसी क्रम में विकास कुमार मौके पर पहुंचा और तेजनंदन राय को दनादन गोलियों से भून दिया। पुलिस ने मौके से तीन खोखे बरामद किए हैं। पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी रंजन कुमार ने बताया कि ऐसा प्रतीत होता है कि चोखा राय का नाती विकास ने तेजनंदन राय पर तीन गोलियां चलाई हैं। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है और अपराधी विकास कुमार की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। घटनास्थल के आसपास के लोगों ने बताया कि तेजनंदन राय ने मानपुर बैरिया के चोखा राय से वर्ष 2005 में जमीन की रजिस्ट्री करवाई थी। गुरुवार की सुबह वह कुछ लोगों के साथ आकर उस जमीन की सफाई करने और बाउंड्री वॉल बनवाने की तैयारी कर रहे थे। इसी बीच चोखा राय का नाती विकास कुमार अपने कुछ दोस्तों के साथ वहां पहुंचा और बाउंड्री वॉल बनने से तेजनंदन राय को रोकने लगा।इस पर तेजनंदन राय और विकास कुमार के बीच काफी देर तक बहस हुई। इसी दौरान विकास ने अपने कमर से पिस्तौल निकालकर तेजनंदन राय पर गोलियां चलाना शुरू कर दिया। गोली लगते ही तेजनंदन राय वहीं गिर पड़े। मौके का फायदा उठाकर विकास कुमार फरार हो गया। आसपास के लोगों ने घायल अवस्था में खून से लथपथ तेजनंदन राय को पास के नर्सिंग होम में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# बेगूसराय में भोजपुरी के अश्लील गानों पर पिस्टल लहराते डांसर का विडियो वायरल, जांच में जुटी पुलिस



**एजेंसी। पटना**

बेगूसराय जिले से एक हैरान कर देने वाली तस्वीर सामने आई है, जहां एक निजी समारोह के दौरान स्टेज पर डांसर हाथ में पिस्टल लहराते हुए डांस करती नजर आई। सोशल मीडिया पर डांसर का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मचा हुआ है, मामले की जांच शुरू कर दी गई है। हालांकि इस वायरल वीडियो की पुष्टि फर्स्ट बिहार नहीं करता। वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि दो डांसर स्टेज पर हाथ में पिस्टल लहराकर डांस कर रही है, जबकि नीचे मौजूद लोग तालियां बजाते और कार्यक्रम का आनंद उठाते दिखाई दे रहे हैं। बताया जाता है कि यह तस्वीर बेगूसराय जिले के बखरी थाना क्षेत्र का है, जहां एक निजी समारोह में नर्तकियों को डांस के लिए बुलाया गया था। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि महिला डांसर के हाथ में जो पिस्टल दिखाई दे रही है, वह असली है या नकली। लेकिन इस तरह खुलेआम मंच पर हथियार का प्रदर्शन कई गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। इस वायरल वीडियो की पुष्टि फर्स्ट बिहार नहीं करता। हालांकि पुलिस का कहना है कि वीडियो उनके संज्ञान में आया है और मामले की जांच की जा रही है। संबंधित लोगों की पहचान की जा रही है। यदि जांच में पिस्टल असली पाई जाती है तो आर्म्स एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस कार्यक्रम आयोजकों और वीडियो में दिख रहे लोगों की पहचान करने में जुटी है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि कार्यक्रम की प्रशासनिक अनुमति ली गई थी या नहीं और हथियार किसका था। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। अब देखना यह होगा कि जांच में क्या सामने आता है और दोषियों पर क्या कार्रवाई की जाती है।

# नीट छात्रा केस में तीसरी बार जहानाबाद पहुंची सीबीआई की टीम, मृतका के मामा से की पूछताछ

**एजेंसी। पटना**

सीबीआई नीट छात्रा की संदिग्ध मौत मामले में सक्रिय हो गई है। गुरुवार को सीबीआई मखदुमपुर थाना क्षेत्र के इस्माइलपुर गांव पहुंची और छात्रा के मामा से पूछताछ की। सूत्रों के मुताबिक पूछताछ के दौरान मृतका के मामा ने सीबीआई को अहम जानकारी दी है। नीट छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में सीबीआई की जांच तेज हो गई है। गुरुवार को सीबीआई की टीम मखदुमपुर थाना क्षेत्र के इस्माइलपुर गांव में छात्रा के मामा से पूछताछ के लिए पहुंची। यहां पूछताछ के दौरान मामा ने बताया कि उन्होंने छात्रा को तबीयत बिगड़ने पर अस्पताल पहुंचाने और इलाज कराने में मदद की थी।सूत्रों के अनुसार, मामा ने छात्रा के हॉस्टल में रखे कुछ सामान घर लाने की अनुमति भी मांगी थी। जांच टीम मामले के सभी पहलुओं की गहन पड़ताल कर रही है और घटनाक्रम की कड़ियों को जोड़ने के लिए विभिन्न स्थानों पर जानकारी जुटा रही है।घटना के बाद परिवार की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। 14 फरवरी को परिवार को धमकी भरी पर्ची मिली थी, जबकि 16 फरवरी को एक और संदेश खिड़की से फेंका गया। पुलिस ने सुरक्षा कड़ी कर दी है, अतिरिक्त बल तैनात किया गया है और घर में सीसीटीवी कैमरे लगाने की तैयारी की जा रही है। सीबीआई टीम ने पहली बार छात्रा के गांव पतियावां में माता-पिता और भाई से लंबी पूछताछ की। बाद में भाई का मोबाइल फोन जप्त कर पटना ले जाया गया। टीम लगातार सभी पहलुओं पर गहन जांच कर रही है।



## कड़ियों को जोड़ने की कोशिश कर रही सीबीआई

सूत्रों के अनुसार, मामा ने छात्रा के हॉस्टल में रखे कुछ सामान घर लाने की अनुमति भी मांगी थी। जांच टीम मामले के सभी पहलुओं की गहन पड़ताल कर रही है और घटनाक्रम की कड़ियों को जोड़ने के लिए विभिन्न स्थानों पर जानकारी जुटा रही है।

# दिन में गर्मी, रात में ठंडक : जल्द ही कूलर -एसी की होगी जरूरत

**एजेंसी। पटना**

बिहार में मौसम का मिजाज इन दिनों अजीब संतुलन पर टिका हुआ है। अधिकतम तापमान 31त्उ के आसपास अटका हुआ है, जिससे दिन में तेज धूप और हल्की गर्मी महसूस हो रही है, जबकि रात और सुबह के समय हल्की ठंडक बनी हुई है। फरवरी के आखिरी दिनों में इस तरह का तापमान लोगों को मार्च जैसी गर्मी का एहसास करा रहा है। राजधानी पटना समेत कई जिलों में दोपहर के समय धूप चुभने लगी है। खुले मैदानों और सड़कों पर दोपहर में निकलना लोगों के लिए असहज हो रहा है। हालांकि सुबह और देर शाम चलने वाली हल्की हवा अभी भी राहत दे रही है। ग्रामीण इलाकों में किसान इस मौसम को फसलों के लिए अनुकूल मान रहे हैं, क्योंकि हल्की ठंडक गेहूं और दलहन की फसल के लिए लाभकारी मानी जाती है। मौसम विभाग के अनुसार, फिलहाल तापमान में बहुत अधिक उतार-चढ़ाव की संभावना नहीं है। अधिकतम तापमान 30 से 32 डिग्री सेल्सियस के बीच बना रह सकता है, जबकि न्यूनतम तापमान 14 से 17 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ का खास असर फिलहाल बिहार पर नहीं पड़ रहा है, इसलिए मौसम शुष्क और साफ बना रहेगा। दिन और रात के तापमान में इस अंतर के कारण लोगों को सेहत के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी जा रही है। सुबह-शाम हल्की ठंड और दिन में गर्मी से सर्दी-खांसी और वायरल संक्रमण का खतरा बढ़ सकता है। चिकित्सकों का कहना है कि इस मौसम में हल्के सूती कपड़े दिन में और शाम को हल्का गर्म कपड़ा पहनना बेहतर रहेगा। साथ ही पर्याप्त पानी पीना भी जरूरी है, क्योंकि शरीर में पानी की कमी जल्दी होने लगती है। विशेषज्ञों का मानना है कि मार्च के दूसरे सप्ताह से गर्मी का असर और तेज हो सकता है। तापमान 34 से 36 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। ऐसे में कूलर और एसी की जरूरत महसूस होने लगेगी। अभी से बाजारों में पंखे, कूलर और एसी की मांग बढ़ने लगी है। दुकानदारों के अनुसार, पिछले साल की तुलना में इस बार गर्मी जल्दी दस्तक दे रही है, जिससे बिक्री में तेजी आने की उम्मीद है। गर्मी बढ़ने के साथ ही बिजली की खपत में भी इजाफा होना तय माना जा रहा है। जैसे-जैसे लोग कूलर और एसी का इस्तेमाल शुरू करेंगे, बिजली बिल में बढ़ोतरी स्वाभाविक है। ऊर्जा विभाग के आंकड़ों के अनुसार, हर साल मार्च के मध्य से बिजली की मांग तेजी से बढ़ती है। इस बार भी ऐसी ही संभावना जताई जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में जहां अभी भी पंखों का उपयोग सीमित है, वहां भी तापमान बढ़ने पर स्थिति बदल सकती है। शहरों में अपार्टमेंट और बहुमंजिला इमारतों में रहने वाले लोग दिन में एसी चलाने लगे हैं। हालांकि अभी रात में पंखा बंद कर सोने की स्थिति बनी हुई है। कुल मिलाकर बिहार में मौसम एक संक्रमण काल से गुजर रहा है। ठंड लगभग विदा ले चुकी है, लेकिन पूरी तरह से गर्मी ने भी कब्जा नहीं जमाया है। आने वाले दिनों में तापमान स्थिर रहने के संकेत हैं, लेकिन मार्च के दूसरे हफ्ते से मौसम करवट ले सकता है। ऐसे में लोगों को अभी से तैयारी कर लेनी चाहिए–चाहे वह स्वास्थ्य की सावधानी हो या बिजली बिल के बढ़ते बोझ के लिए बजट की योजना। फिलहाल 31त्उ पर टिका यह तापमान लोगों को यह संकेत दे रहा है कि अब सर्दी के दिन गिने-चुने रह गए हैं और गर्मी की दस्तक बस कुछ ही दिनों की दूरी पर है।



# बिहार में नहीं थम रहा जमीन विवाद का मामला पटना में युवक की गोली मारकर हत्या

**एजेंसी। पटना**

राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री व बिहार के डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा की लाख कोशिशों के बावजूद बिहार में जमीन विवाद का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। जमीन को लेकर आए दिन हत्या की वारदात हो रही है। इस वक्त की बड़ी खबर राजधानी पटना से आ रही है। जहां जमीन के विवाद में एक व्यक्ति को गोलियों से भून डाला गया है। युवक की गोली लगने से मौत हो गयी है। इस घटना से इलाके में हड़कंप मचा हुआ है। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी है। बताया जाता है कि अपराधियों ने कंकड़बाग के अशोक नगर इलाके में रहने वाले तेजनंदन की गोली मारकर हत्या कर दी है। जमीन की बाउंड्री कराने आए तेजनंदन को बदमाशों ने गोलियों से भून डाला और हथियार लहराते मौके से फरार हो गये। गोली की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच पुलिस ने घायल तेजनंदन को इलाज के लिए प्राइवेट नर्सिंग होम में ले गये। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। फिलहाल पुलिस इलाके में लगे सीसीटीवी को खंगालने में जुटी है। घटना की सभी बिन्दुओं की जांच की जा रही है। मौके पर पहुंचे पटना पूर्वी के सिटी एसपी परिचय कुमार ने बताया कि पटना के कंकड़बाग स्थित अशोक नगर में रहने वाले तेजनंदन राय ने चोखा राय नामक व्यक्ति से 2005 में जमीन खरीदी थी।